हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

## लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में होंगे शामिल

# केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज दुर्ग शहर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

30 अक्टूबर को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के संकल्प के साथ दुर्ग आ रहे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंत्री गजेन्द्र यादव ने महेश कॉलोनी स्थित सभा स्थल का निरीक्षण किया। गजेन्द्र यादव ने सभा स्थल पर की जा रही तैयारियों, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, कार्यकर्ताओं की सहभागिता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गजेन्द्र





यादव ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी मिलकर इस आयोजन को सफल बनाएं और पदयात्रा के माध्यम से इसके उद्देश्य एवं संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं।

### विधायक ललित चंद्राकर ने तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं की ली बैठक



दुर्ग। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के 30 अक्टूबर को दुर्ग आगमन और प्रस्तावित पदयात्रा को लेकर दुर्ग स्थित विधायक निवास कार्यालय में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, एकनाथ अनुपम साहू, राजू राकेश जंघेल, शीतला ठाकुर, हेमंत सिन्हा, लिकेश्वर देशमुख, शैलेन्द्र शेंडे सहित अन्य मौजूद थे।

### दोपहर तीन बजे पहुंचेंगे दुर्ग, ट्रैफिक रूट डायवर्ट

दुर्ग। केंद्रीय मंत्री दोपहर 3 बजे एसएप बटालियन के हैलिपेड पहुंचेंगे। दोपहर 3.15 बजे सड़क मार्ग से महेश कॉलोनी स्थित सभा स्थल पहुंचेंगे। शाम 4 से साढ़े 4 बजे के मध्य वे पुलगांव चौक से गंजपारा चौक तक की पदयात्रा में शामिल होंगे। इसके वहीं से सड़क मार्ग से हेलिपेड पहुंचकर रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। इसे देखते हुए ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया गया है। बसों के लिए पुलगांव स्थित लक्ष्मी मार्केट में गेट नंबर 4 से 8 तक प्रवेश और पार्किंग के इंतजाम किए गए हैं। धमधा और अहिवारा की ओर से आने वाली बसें धमधा नाका, ग्रीन चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक, जेल तिराहा, महाराजा चौक, पोटिया चौक और पुलगांव चौक होते हुए लक्ष्मी मार्केट पहुंचेंगी। भारती विश्वविद्यालय, प्रताप बिजनेस पार्क और नवकार परिसर में पार्किंग निर्धारित की है। राजनांदगांव और अंजोरा की ओर से आने वाले वाहन अंजोरा बाईपास और अंजोरा होते हुए पुलगांव चौक से भारती विश्वविद्यालय या प्रताप बिजनेस पार्क पहुंचेंगे। रायपुर और वैशाली नगर की ओर से आने वाले वाहनः कुम्हारी, पावर हाउस, गुरुद्वारा तिराहा, मालवीय नगर चौक, जेल तिराहा और महाराजा चौक होते हुए निर्धारित पार्किंग स्थलों पर पहुंचेंगे। वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग महेश कॉलोनी में निर्धारित की गई है।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
30 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
22

## डायल 112 के चालक से मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। डायल 112 के चालक से ओम शांति चौक पेट्रोल पम्प के पास, हाऊसिंग बोर्ड में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर जामुल थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी दुर्गेश कुमार साहू उम्र 24 साल ने पुलिस को बताया कि वे कैम्प 1 भिलाई के निवासी है। वर्तमान में थाना जामुल के डायल 112 वाहन में ड्रायवरी का काम करते हैं। 28 अक्टूबर को रात्रि में अपने दोस्तों से मिलने के लिए हाउसिंग बोर्ड गए थे। मोटर साइकिल से घर वापसी के दौरान रात्रि करीब 9.40 बजे ओम शांति चौक के पहले पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था। उसी समय पीछे से बाइक में सवार अज्ञात 2 लड़के ओवर टेक कर आगे निकले जिससे पानी छिटकने से प्रार्थी ने उन्हें गाड़ी इतना स्पीड क्यों चला रहे हो, रोड में पानी भरा है, आराम से चलाओ बोला। तब वे दोनों मोटर सायकल को रोककर प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट से डायल 112 के चालक को बांये कान, दाहिने आंख व पीठ में चोंटे आई है।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEED
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
&
16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED
has been RANKED
By Outlook
By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE :
9229 111 555, 92293 44402

Video Shopping www.shreeshivam.com
दिल से दिवाली,
हर रिश्ते के लिए!
ख़ास
FESTIVE COLLECTION
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Midnight Shopping
FRIDAY • SATURDAY • SUNDAY
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी • बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड • दुर्ग: संतरा बाड़ी, स्टेशन रोड
अधिक जानकारी के लिए, कॉल करें: 72229-55555
RAIPUR • BILASPUR • DURG • NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

# शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों को समय पर लाभ दिलाना सुनिश्चित करें बैंक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के कार्यों, ऋण वितरण, जमा अनुपात, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा ऋण, जन सुरक्षा योजनाओं तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने बैंकों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने के लिए बैंक एक निर्धारित तिथि तय करें। बैंकों की सहमति पर सप्ताह में दो दिन मंगलवार और शुक्रवार को निर्धारित किया गया है, ताकि हितग्राहियों के प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण हो और उन्हें योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने कहा कि बैंक आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।बैठक में सहायक महाप्रबंधक इंडियन बैंक अमित गौरव, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अंशु गोयल, वित्तीय साक्षरता केन्द्र दुर्ग लेखराम ध्रुव सहित जिला पंचायत दुर्ग, जिला उद्योग केंद्र, मत्स्य पालन एवं खादी ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं समीक्षा समिति की हुई बैठक



### लंबित ऋण आवेदनों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश


बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बैंकों की प्राथमिकता एवं 3 गैर-प्राथमिकता क्षेत्र के ऋण, ऋण-जमा अनुपात, शिक्षा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, मुद्रा ऋण, जन सुरक्षा योजनाओं और अन्य शासकीय योजनाओं के अंतर्गत बैंकों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम स्वनिधि, पीएम सूर्य घर, मत्स्य पालन एवं पशुपालन सहित विभिन्न योजनाओं में लंबित ऋण आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही अनुपस्थित बैंकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिए भी कहा।

### पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान करें : कोसम

बैठक में नगर पालिक निगम दुर्ग की आयुक्त लीना कोसम ने पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों पर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ प्रदान करने को कहा। भारतीय रिजर्व बैंक रायपुर से उपस्थित सजनंद वर्मा ने भी बैठक में सहभागिता की। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक एवं अन्य बैंक अधिकारियों को वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने तथा पात्र हितग्राहियों को जन सुरक्षा योजनाओं एवं किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### राज्योत्सव के मुख्य अतिथि होंगे उपमुख्यमंत्री



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुराना गंज मंडी, गंजपारा परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

### आंगनबाड़ी में खिलौना एवं खेल सामग्री भेंट की



**दुर्ग।** जिले में आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों के सर्वांगीण विकास, मनोरंजन एवं खेल-खेल में सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आंगनमिलन सेवा के अंतर्गत समाज के जागरूक नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से निरंतर सकारात्मक पहल की जा रही है। इसी कड़ी में समाजसेविका एवं मिनीमाता सम्मान से सम्मानित ललेश्वरी साहू की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से जीविका स्व-सहायता समूह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में अध्ययनरत बच्चों के लिए खिलौना एवं खेल सामग्री प्रदान की गई। उनके प्रेरणादायी प्रयासों से प्रेरित होकर जीविका स्व-सहायता समूह ने बच्चों के हित में खिलौना सामग्री प्रदान करने की पहल की, जिससे आंगनबाड़ी केन्द्रों में आने वाले बच्चों को खेल एवं सीखने के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। इस सहयोग में ललेश्वरी साहू के साथ सविता साहू, सुशीला देवांगन एवं भुनेश्वरी साहू की सहभागिता रही।

### दिव्यांग विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

**दुर्ग।** जिले में कक्षा पहली से 12वीं तक अध्ययनत दिव्यांग छात्र-छात्राएं के लिए दिव्यांग छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले एनएसपी पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा।

## शहर के पुराने और ऐतिहासिक मल्टीपरपस स्कूल को मिलेगी नई पहचान

# जेआरडी स्कूल में 1.34 करोड़ रुपए से बनेगा 270 सीटर साउंड प्रुफ ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

शहर के पुराने एवं ऐतिहासिक जेआरडी मल्टीपरपस स्कूल में अत्याधुनिक संसाधनों से लेस 270 सीटर ऑडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। करीब 1.34 करोड़ रुपए की लागत से यह काम होगा। शासन से इसके लिए स्वीकृति मिल गई है। स्कूल के संरक्षण और शैक्षणिक उन्नयन को लेकर यह पहल की गई है। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने विगत दिनों शिक्षा विभाग एवं आरईएस के अधिकारियों के साथ विद्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया था, जिसके बाद यह कवायद शुरू की गई थी। बता दें कि देश की आजादी से पूर्व स्थापित इस विद्यालय से दुर्ग शहर की कई पीढ़ियों की भावनात्मक स्मृतियां जुड़ी हुई हैं। शिक्षामंत्री खुद इस स्कूल में पढ़ चुके हैं। वर्षों से यह विद्यालय न केवल शिक्षा का प्रमुख केंद्र रहा है, बल्कि शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की वर्तमान स्थिति, आवश्यक मरम्मत, संरचनात्मक मजबूती तथा उसके मूल स्वरूप एवं ऐतिहासिक पहचान को संरक्षित रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के विषय में शिक्षक और इंजीनियरों से विस्तृत चर्चा की गई।



### नीट और जेईई के लिए स्टूडेंट्स को दी जा रही कोचिंग

जेआरडी स्कूल में सुपर-30 योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत नीट एवं जेईई जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विशेष कोचिंग, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्ग एवं आसपास के विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो रही है, ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को भी बेहतर अवसर मिल रहा है। गजेन्द्र यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। जेआरडी स्कूल का संरक्षण एवं विकास न केवल एक भवन का नवीनीकरण होगा, बल्कि दुर्ग शहर की ऐतिहासिक शैक्षणिक धरोहर को नई पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### पहले चरण में 82 लाख रुपए की लागत से होगा काम

अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में करीब 82 लाख रुपए के काम स्वीकृत किए गए हैं। इसमें ऑडिटोरियम को नया रूप दिया जाएगा। अटैच लेटरिंग, बाथरूम और अन्य संसाधन विकसित किए जाएंगे। ऑडिटोरियम को साउंड प्रुफ बनाया जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि जेआरडी स्कूल केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि दुर्ग शहर की विरासत और पहचान है। इस विद्यालय से हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। यहां से पढ़कर निकले विद्यार्थी आज देश-प्रदेश के अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेल, साहित्य, पत्रकारिता, कला, पुलिस, सेना, राजनीति एवं प्रशासनिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में इस विद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने दुर्ग का नाम गौरवान्वित किया है। आरईएस विभाग के इंजीनियरों ने जानकारी दी कि प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत प्रथम चरण में 82 लाख जारी की गई है, स्कूल में बनने वाला नया ऑडीटोरियम शिक्षा विभाग के अनुरूप सुसज्जित किया जाएगा तथा इसमें अटैच बाथरूम सहित आवश्यक सुविधाओं का निर्माण भी किया जाएगा।

# बीएसपी के गेटों पर ट्रकों की आवाजाही घटी, की शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के विभिन्न गेटों पर ट्रकों की आवाजाही, डिस्पैच और परिवहन व्यवस्था में आ रही समस्याओं को लेकर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन और स्टील चैंबर भिलाई के प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग सांसद विजय बघेल से मुलाकात की। ट्रांसपोर्टरों ने व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम वीटीएस, सर्वर की तकनीकी खराबी, वाहनों की प्रवेश-निकासी प्रक्रिया में देरी और गेटों पर अव्यवस्थित व्यवस्था का मुद्दा उठाया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अनुसार, संयंत्र के विभिन्न गेटों पर पहले की तुलना में अब कम वाहनों को प्रवेश मिल रहा है। इससे माल की ढुलाई और डिस्पैच का काम प्रभावित हो रहा है। एसोसिएशन द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, रोलिंग मिल गेट पर पहले प्रतिदिन 120 से 130 गाड़ियां प्रवेश करती थीं, लेकिन अब यह संख्या घटकर 50 से 60 रह गई है। डिस्पोजल गेट पर पहले 60 से 65 गाड़ियों की आवाजाही होती थी, जो अब घटकर 25 से 30 रह गई है। वहीं, बोरिया गेट पर पहले प्रतिदिन 105 से 110 गाड़ियां प्रवेश करती थीं, जबकि वर्तमान में करीब 70 से 80 गाड़ियों को ही प्रवेश मिल पा रहा है। ट्रांसपोर्टरों की समस्याएं सुनने के बाद सांसद विजय बघेल ने बीएसपी के सीईओ चित्तरंजन महापात्रा और सीआईएसएफ के डीआईजी चंदन झा से भी फोन पर बात कर गेटों पर ट्रांसपोर्टरों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। बैठक में स्टील चैंबर की ओर से पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल और दिनेश अग्रवाल, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह 'छोटू', कार्यकारी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह, संरक्षक महेंद्र सिंह, बलजिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सचिव शाहनवाज कुरैशी सहित मुन्ना सिंह, उमेश सिंह आदि उपस्थित थे।

- भिलाई ट्रक ट्रेलर एसो. व स्टील चैंबर के सदस्य मिले

# दीपावली पर 49 अस्थायी पटाखा दुकानों का लॉटरी से हुआ आवंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



दीपावली पर्व के मद्देनजर शहर में अस्थायी पटाखा दुकानों के संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिक निगम द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत दुकानों का आवंटन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार यह प्रक्रिया संपन्न कराई गई।

नगर निगम द्वारा इस वर्ष अस्थायी पटाखा दुकानों के संचालन के लिए वार्ड क्रमांक 39 स्थित जेआरडी स्कूल के पीछे मैदान को निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में महापौर अलका बाघमार के चेम्बर में लॉटरी के माध्यम से दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया संपन्न हुई। महापौर की उपस्थिति में एक-एक कर पर्चियां निकाली गईं और लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दुकानदारों को दुकान आवंटित करने की कार्यवाही की गई। इस स्थल पर लगभग 49 अस्थायी पटाखा दुकानें लगाई जाएंगी। नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थल पर पटाखा दुकानों का संचालन कराए जाने का उद्देश्य दीपावली के दौरान बाजार व्यवस्था को व्यवस्थित बनाए रखना तथा जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप दुकानों का संचालन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर सहित बाजार विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गलत ई-चालान जारी होने आरटीओ से शिकायत, जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जिले में आम नागरिकों को कथित रूप से गलत एवं त्रुटिपूर्ण ई-चालान जारी किए जाने के मामले को लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुरदीप सिंह भाटिया ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को पत्र सौंपकर मामले की जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से जिले के कई वाहन चालकों को ई-चालान प्राप्त हो रहे हैं। कुछ वाहन चालकों का आरोप है कि यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने के बावजूद उनके मोबाइल पर ई-चालान भेजे जा रहे हैं। इससे आम नागरिकों को आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार चालान में दर्ज विवरण और वाहन की वास्तविक स्थिति में विसंगतियां हैं। इस संबंध में उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कराने का आग्रह किया गया है। मांग की गई कि संबंधित ई-चालानों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, चालान जारी करने वाली तकनीकी प्रणाली की समीक्षा की जाए तथा गलत चालान पाए जाने पर नियमानुसार उन्हें निरस्त किया जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार किए जाएं। इस अवसर पर सुमित वोरा, ललित उके, सनी साहू, आशीष देशमुख, शहंशाह आलम, विकास यादव, पृथ्वी चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

### टिंकेराथॉन 2026 आज

**भिलाई।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट अछोली जिला स्तरीय मॉडल प्रतियोगिता टिंकेराथॉन 2026 का आयोजन 30 अक्टूबर को कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर में किया जा रहा है। सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन सुबह 11:30 बजे छत्तीसगढ़ शासन के राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में करेंगी। प्रतियोगिता चौदह अटल टिंकरिंग लैब के विद्यार्थियों के लिए है।

# बैलेट पेपर से चुनाव हुए तो भी कांग्रेस सिमट गई, अब किसे ठहराएंगे जिम्मेदार : मनीष

**भिलाई।** भाजपा नेता एवं श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने बैलेट पेपर से हुए विधान परिषद चुनावों के नतीजों को लेकर कांग्रेस की राजनीतिक रणनीति पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लगातार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती रही है, लेकिन अब बैलेट पेपर से हुए चुनावों के परिणामों ने उसके सामने एक नया सवाल खड़ा कर दिया है।मनीष पाण्डेय ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक की कुल 28 विधान परिषद सीटों पर बैलेट पेपर से चुनाव होने पर कांग्रेस फिर से सिमट गई जबकि इन सीटों में पहले कांग्रेस के पास चार सीटें थीं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व को स्पष्ट करना चाहिए कि इन परिणामों की समीक्षा वह किस आधार पर करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनावी पराजय के बाद ईवीएम पर सवाल उठाने के बजाय संगठन की जमीनी स्थिति, जनसंपर्क और जनता की अपेक्षाओं पर गंभीर आत्ममंथन करे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास विकास, रोजगार और जनकल्याण जैसे विषयों पर ठोस वैकल्पिक दृष्टिकोण का अभाव है। इसी कारण उसके नेता बार-बार चुनाव प्रणाली को विवाद का विषय बनाते हैं।



## अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा सहित 77 आवेदन मिले

# आमटी में चना की फसल खराब, किसानों ने बीमा राशि के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 77 आवेदन प्राप्त हुए।

- कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

इसी कड़ी में ग्राम भनसुली-आर, तहसील पाटन निवासी ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना की वर्ष 2026 की 10 हजार रुपये की सहायता राशि रोके जाने की शिकायत और भुगतान की मांग की। उन्होंने बताया कि वे भूमिहीन मजदूर हैं और उनकी पत्नी ग्राम पंचायत में पंच हैं। पंच पति होने के कारण उनका नाम अपात्र सूची में शामिल कर राशि रोक दी गई है। उन्होंने पात्रता के आधार पर रुकी हुई राशि का भुगतान कराने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार पाटन को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



### प्राकृतिक आपदा व कीटों ने पहुंचाया नुकसान

ग्राम आमटी के किसानों ने रबी वर्ष 2025-26 में चना फसल को हुए नुकसान के एवज में बीमा राशि प्रदान करने की मांग की। किसानों ने बताया कि उन्होंने खेतों में चने की फसल की बुआई कर बीमा कराया था। लेकिन प्राकृतिक आपदा और कीट-पतंगों के प्रकोप के कारण फसलों को नुकसान हुआ है। इससे उत्पादन प्रभावित हुआ और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा फसल का निरीक्षण भी किया गया था। इस पर कलेक्टर ने कृषि विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### सड़क चौड़ीकरण से प्रभावितों ने मांगा मुआवजा

ग्राम पोटियाकला निवासी ने पुलगांव चौक से जेल तिराहा के बीच सड़क चौड़ीकरण कार्य से आवासीय भूमि प्रभावित होने पर मुआवजा प्रदान करने की मांग की। उन्होंने बताया कि भूमि मुख्य मार्ग से लगी हुई है। सड़क चौड़ीकरण के साथ पाइपलाइन और नाली निर्माण कार्य भी किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण के संबंध में उन्हें कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने अधिग्रहित की गई भूमि का निर्धारित मूल्यांकन संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक भूमि का उचित मूल्यांकन करने और नियमानुसार मुआवजा प्रदान करने की मांग की है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम दुर्ग एवं ईई पीडब्ल्यूडी को जांच कर कार्यवाही करने को कहा।

# समान रूप से वितरित की जाएंगी लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम। दीपावली पर्व पर दुर्ग शहर को रोशनी से जगमग करने के लिए नगर पालिक निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। महापौर अलका बाघमार के निर्देश पर निगम के विद्युत विभाग की टीम ने शहर के सभी वार्डों में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने और नए लाइट लगाने का विशेष अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत सड़कों, चौक-चौराहों एवं विभिन्न मोहल्लों में रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों को अंधेरे और खराब स्ट्रीट लाइट की समस्या का सामना न करना पड़े। महापौर ने बताया कि शहर की स्ट्रीट लाइटों के नियमित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का टेंडर किया गया है। इसके माध्यम से खराब लाइटों की समय पर मरम्मत और विद्युत व्यवस्था के रखरखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही शहर के सभी वार्डों के लिए 600 नई लाइटें मंगाई गई हैं, जिन्हें सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार समान रूप से वितरित कर लगाया जाएगा।उन्होंने कहा कि शहर में बेहतर रोशनी के लिए ट्यूबलर पोल एवं हाईमास्ट लाइट लगाने की भी योजना है। लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त कराया जा रहा है, ताकि खराब लाइटों के कारण अंधेरे में रहने वाले क्षेत्रों में दोबारा रोशनी की व्यवस्था की जा सके।



न्यायालयः- (पंकज दीक्षित)
नवम जिला न्यायाधीश जिला-दुर्ग (छ.ग.)
**समंस**
सिविल प्रकरण क्रमांक RCA 41/2024
पेशी तारीख 07.12.2026
प्रोसेस क्रमांक 856/2026
सुनील जैन..... अपीलार्थी
विरूद्ध
मागूपल्ली देवानंद..... प्रतिवादी

बनाम- मागूपल्ली देवानंद, आ. मागूपल्ली तातारावु, उम्र 27 वर्ष, निवासी हाउस नं. 94, पुरैना डाक बंगला पुरैना डी, ग्राम पुरैना तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.),

आवेदक प्रशांत आहूजा वगै. ने एक आवेदन अंतर्गत धारा-96 व्यवहार प्रक्रिया संहिता पेश किया है। आपको इस सूचना के द्वारा निर्देशित किया जाता है कि आप अधिकरण के समक्ष दिनांक 07.12.2026 को दिन के 11:00 बजे, स्वयं या ऐसे वकील के माध्यम से, जिन्हे प्रकरण के तथ्यो से अच्छी तरह से समझा दिया गया हो, जो ऐसे प्रश्नो का जवाब दें सके, या ऐसा व्यक्ति मौजूद हो, जो कि ऐसे प्रश्नों का जवाब दे सके, के लिए हाजिर हो और आप को ऐसे सभी दस्तावेजों व गवाही को पेश करने के लिए तैयार रखना होगा. जिन पर आप अपने बचाव के समर्थन में भरोसा रखना चाहते हों। यदि आवेदन की सुनवाई उक्त नियत दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के कारण नहीं होती है अथवा नियत तिथि पर मैं अवकाश पर जाता हूँ, या अन्य किसी कारण से सुनवाई उक्त तिथि को नहीं होती है, तो उसके पश्चात्वर्ती कार्य दिवस में आवेदन की सुनवाई की जायेगी और उक्त तिथि को आपके अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एक पक्षीय रूप से आज्ञप्तिधारी के आवेदन का निराकरण किया जायेगा। आज दिनांक 27.10.2026 को इस न्यायालय के सील व मेरे हस्ताक्षर से सूचना जारी किया गया है।

(पंकज दीक्षित)
नवम जिला न्यायाधीश
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मुहर

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)
दीवानी मुकदमा नं. 237A/26 Pro. No. 193/26
अदालत (शाश्वत दुबे) पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक-रेखा बाई बंजारे व अन्य
अनावेदक-छ.ग. शासन व अन्य
बनाम
आम जनता (जिसका इससे संबध हो)

क्योंकि गुहई मजकूर ने आपके खिलाफ..... का मुकदमा दायर किया है। आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 26-11-26 ई. को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरुरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसके साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके) मुकदमें का जवाब देने के लिये हाजिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको उस तारीख को ऐसे सभी गवाहो और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हो। आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 26 माह 10 सन् 2026 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

(शाश्वत दुबे)
पंचम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)
दुर्ग (छत्तीसगढ़)
मुहर

तापमान

अधिकतम 24.6 डिग्री

न्यूनतम 20.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

12 जेआरडी स्कूल में 1.34 करोड़ रुपए से बनेगा 270 ...



14 चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का प्रकोप : खेतों में ...



भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



न्यू ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग महिला से की मारपीट, अपराध दर्ज



**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के ग्राम नंदौरी में पुरानी रंजिश को लेकर एक 64 वर्षीय महिला और उसके पुत्र के साथ विवाद करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले में सुबह टहलकर लौट रही महिला के साथ आरोपी ने गाली-गलौच और मारपीट की। महिला के घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने पुत्र को देने के बाद जब पुत्र आरोपी को समझाने पहुंचा, तो उसके साथ भी गाली-गलौच की गई और चापड़नुमा लोहे का हथियार निकालकर मारने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम नंदौरी के शिकारी पारा निवासी आरोपी नितेश पारधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया चापड़नुमा लोहे का हथियार भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार घटना 28 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे की है। ग्राम नंदौरी निवासी 64 वर्षीय कीर्ति वर्मा अपने मोहल्ले की जमुना बन्छोर और सुलेखा बन्छोर के साथ सुबह टहलने गई थीं। वापस घर लौटते समय मोहल्ले में रहने वाला नितेश पारधी कथित तौर पर पुरानी रंजिश को लेकर उनसे विवाद करने लगा। जमुना बन्छोर और सुलेखा बन्छोर ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद कीर्ति वर्मा घर पहुंचीं और अपने पुत्र अजय वर्मा को पूरी बात बताई। इसके बाद अजय वर्मा आरोपी को समझाने और भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने की बात कहने पहुंचा। पुलिस के अनुसार, इस दौरान आरोपी ने अजय वर्मा के साथ भी अश्लील गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी अपने घर से चापड़नुमा लोहे का हथियार निकाल लाया और उससे मारने की धमकी देने लगा। अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस टीम ने नितेश पारधी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# दो दिनों में 48.7 मिलीमीटर बारिश, आज भी गिरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अर्नब तूफान की वजह से मौसम में आया बदलाव दूसरे दिन यानी गुरुवार को भी जारी रहा। पूरे दिन तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश होती रही। पिछले दो दिनों में दुर्ग जिले में 48.7 मिमी बारिश हो गई है।

तेज हवाओं की वजह से खेतों में अर्ली वेरायटी की तैयार फसल को काफी नुकसान पहुंच सकता है। किसानों को बीमा का लाभ मिले इसके लिए कृषि विभाग ने ट्रोल फ्री नंबर जारी किया हैं। जिसमें किसान अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। बारिश थमने के बाद फसल क्षति का सर्वे भी शुरू होगा। इधर मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी भारी बारिश की चेतावनी दी है।

**किसानों के लिए ट्रोल फ्री नंबर जारी**

### ट्विनसिटी में पूरे दिन हुई बारिश तापमान में आई गिरावट

मौसम विभाग ने अर्नब चक्रवाती तूफान की वर्तमान स्थिति बताई है। जिसके हिसाब से यह सिस्टम कमजोर होकर दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे सटे दक्षिण ओडिशा के ऊपर एक 'डिप्रेशन' (निम्न दबाव का क्षेत्र) में बदल गया है। यह लगभग 18 किमी/घंटा की रफ्तार से उत्तर दिशा की ओर बढ़ रहा है। पूर्वानुमान है कि इसके उत्तर की ओर बढ़ना जारी रखने और आगे कमजोर होकर उत्तरी छत्तीसगढ़ तथा उससे सटे उत्तर-पश्चिमी ओडिशा के ऊपर एक सुस्पष्ट निम्न दबाव क्षेत्र में बदलने की संभावना है। जिसके प्रभाव से व्यापक रूप से बादल छाए रहने, भारी बारिश और तीव्र संवहन के कारण मध्य, पूर्वी और दक्षिणी भारत के बड़े हिस्सों (जिसमें छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, झारखंड, गंगा के मैदानी पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्र शामिल हैं) पर असर पड़ रहा है। अधिकांश स्थानों पर हल्की से माध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है । हवा की गति लगभग 10 किमी/घंटे रह सकता है । इन जिलों के एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है ।



**इस तरह की क्षति दायरे में :** उपसंचालक कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार किसानों के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में तीन प्रमुख जोखिम फसल की बुवाई / रोपाई (प्रतिकूल मौसम अवस्थाओं के कारण) नहीं होने, स्थानीयकृत आपदाएं (ओलावृष्टि, जलप्लावन अतिवृष्टि धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति शामिल नहीं) एवं खेत में फसल काटने के पश्चात सुखाने के लिये रखी गई फसल में होने वाली क्षति को शामिल किया गया है। स्थानीय आपदा एवं फसल कटाई उपरांत खेत में सूखने रखी फसल में नुकसान होने पर अंतरिम राहत दिए जाने का प्रावधान है। किन्तु इस हेतु किसानों को 72 घंटे के भीतर इसकी सूचना देना अनिवार्य होगा।

### शिवनाथ नदी ऊफान पर

लगातार बारिश और जलाशयों से पानी छोड़ने की वजह से शिवनाथ नदी फिर उफान पर आ गया है। शिवनाथ नदी स्थित महमरा एनीकट के ऊपर पानी 8 से 10 इंच बह रहा है। अलसुबह मोंगरा जलाशय से 1000 क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया था। बारिश और ज्यादा तेज हुई तो आवागमन भी बंद हो सकता है। नदी के उफान में आने की संभावना है।

### टोल नंबर फ्री 14447 नंबर पर किसान दें सूचना

कृषक केंद्र सरकार के टोल-फ्री नंबर 14447 (कृषि रक्षक पोर्टल व हेल्पलाइन) पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अधिकृत व्हाट्सएप नंबर 7065514447 पर भी विवरण भेजा जा सकता है। किसान सीधे ही चउइलिण्हवअण्पद पर जाकर अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं एवं गूगल प्ले स्टोर से 'क्रॉप इंश्योरेंस ऐप' डाउनलोड करके किसान स्वयं अपनी फसल हानि का पूरा विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, राजस्व विभाग, संबंधित बैंक या बीमा कंपनी को भी समय सीमा के भीतर सूचित कर सकते हैं, ताकि सर्वेक्षण के बाद बीमा दावा की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

## स्थानीय निर्वाचन अधिकारी को सौंपा दावा-आपत्ति पत्र, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने उठाए सवाल

# गड़बड़ी ऐसी भी...भिलाई में 1277, रिसाली में 1858 भिलाई-चरोदा में 658 मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन में एक वार्ड के मतदाताओं के नाम दूसरे वार्ड में शामिल हो गए हैं। भिलाई निगम में 1277, रिसाली निगम में 1818 और भिलाई चरोदा निगम में 658 मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में चले गए हैं। इसकी वजह वार्डों की चौहद्दी के अनुसार मतदाताओं का विभाजन नहीं होना बताया जा रहा। इस मामले में स्थानीय निर्वाचन अधिकारी के समक्ष दावा-आपत्ति प्रस्तुत की गई है। जिसमें मतदाता सूची में सुधार की मांग की उठ रही है। शिकायत यह भी है कि वार्डों के नक्शे और निर्धारित सीमाओं के अनुरूप मतदाताओं के नाम दर्ज नहीं किए जाने से कई वार्डों की सूची में गड़बड़ी हुई है। इससे आम मतदाताओं के साथ ही आगामी चुनाव में पार्षद पद के संभावित उम्मीदवारों को भी परेशानी हो सकती है।

### बूथों के आधार पर तैयार की गई है मतदाता सूची

विधानसभा क्षेत्रवार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद जारी अंतिम सूची मतदान केंद्रों यानी बूथों के आधार पर तैयार की गई है। वहीं, नगर निगम चुनाव के लिए इस सूची को प्रत्येक वार्ड की भौगोलिक सीमा और चौहद्दी के अनुसार व्यवस्थित करना जरूरी है। दावा-आपत्ति कर कहा है कि स्थानीय निर्वाचन के कर्मचारियों और बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा इस प्रक्रिया में निर्धारित वार्ड सीमाओं का सही तरीके से पालन नहीं किया गया।

**भिलाई नगर निगम**

| मूल वार्ड | परिवर्तित वार्ड | वोटर |
|---|---|---|
| 3 | 5 | 192 |
| 3 | 7 | 493 |
| 9 | विलुप्त | 47 |
| 9 | 10 | 721 |
| 9 | 11 | 556 |
| 12 | 11 | 186 |
| 15 | 14 | 232 |
| 17 | 18 | 316 |
| 18 | 17 | 44 |
| 59 | 60 | 228 |

**रिसाली नगर निगम**

| मूल वार्ड | परिवर्तित वार्ड | मतदाता |
|---|---|---|
| 3 | 4 | 250 |
| 17 | 18 | 100 |
| 25 | 23 | 194 |
| 25 | 24 | 358 |
| 26 | 31 | 416 |
| 35 | 36 | 53 |
| 39 | 40 | 137 |
| 40 | 39 | 400 |



**भिलाई-चरोदा निगम**

| मूल वार्ड | परिवर्तित वार्ड | मतदाता |
|---|---|---|
| 6 | 07 | 171 |
| 15 | 13 | 57 |
| 22 | 23 | 215 |
| 23 | 22 | 215 |

कांग्रेस ने वोटों की गड़बड़ी को लेकर आंकड़े भी सामने रखे हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि एसआईआर के बाद भी इस प्रकार की गड़बड़ियां सामने आ रही हैं। इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से की जा रही है।

### नया परिसीमन नहीं हुआ है निगम क्षेत्र का

शिकायत के मुताबिक वर्तमान में नगर निगम भिलाई में नया परिसीमन नहीं हुआ है। ऐसे में पिछले आम चुनाव के दौरान निर्धारित वार्डों के नक्शे और सीमांकन को आधार बनाकर मतदाता सूची का वार्डवार विभाजन किया जाना चाहिए। निगम प्रशासन के पास सभी वार्डों के आधिकारिक नक्शे और चौहद्दी का विवरण उपलब्ध है। इसके बावजूद सूची में कई मतदाताओं के नाम दूसरे वार्डों में शामिल होने की शिकायत सामने आई है।

### तीनों में 3793 वोटर्स इधर से उधर, मतदाता हो रहे परेशान

वर्तमान में जो सूची जारी की गई है, उसमें भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा निगम के 3793 वोटर्स ऐसे हैं, जिनके नाम दूसरे वार्ड में शिफ्ट हो गए हैं। इसी प्रकार की लापरवाही जामुल में भी सामने आई है। भिलाई में 1277 मतदाताओं को दूसरे वार्डों में जोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। वार्ड 9 राजीव नगर, सुपेला के मतदाताओं को वार्ड 0 लक्ष्मी नगर और वार्ड क्रमांक 11 फरीद नगर में शामिल किए जाने पर आपत्ति जताई है।



### बिना परिसीमन कैसे बदले बूथ, बीएलओ निगम दफ्तर में बैठकर सुधार रहे सूची

भिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले की मतदाता सूची में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। गुरुवार को भिलाई में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले निकाय चुनाव से पहले जारी मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम इधर से उधर हो गए हैं। बिना परिसीमन के ही सैकड़ों मतदाताओं के बूथ बदल गए हैं। पूर्व सीएम ने मांग की है कि दावा आपत्ति की तिथि बढ़ाई जाए और मतदाता सूची को फिर से अपटेड किया जाए। वार्डों में बैठने के बजाय नगर निगम के दफ्तर में बैठकर मतदाता सूची को सुधारने में बीएलओ लगे हुए हैं। मतदाता सूची के काम में लगे कर्मचारियों अधिकारियों पर कार्रवाई करने, आपत्ति दर्ज कराने की तिथि बढ़ाने और बिना परिसीमन के वार्ड के आरक्षण को कैसे बदला गया। मीडिया से चर्चा के दौरान पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि इस साल के अंत में नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत दुर्ग जिले की भिलाई निगम, भिलाई चरोदा, रिसाली निगम में चुनाव होना है। इसके साथ ही जामुल व अहिवारा पालिका के भी चुनाव होंगे। दुर्ग में मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया और जो सूची हमारे जिला अध्यक्षों को सौंपी गई है उसमें भारी गड़बड़ी है। सभी निकायों में मतदाताओं के बूथ वद वार्ड बदल गए हैं। इससे चुनाव में प्रत्याशियों के प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ेगा। चर्चा के दौरान भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, राकेश ठाकुर, राजेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

## कलेक्टर और एसडीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले समोदा सरपंच के खिलाफ अपराध दर्ज


हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

जिले के कलेक्टर और अनुविभागीय दंडाधिकारी एसडीएम के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का मामला सामने आया है। इस मामले में ग्राम समोदा के वर्तमान सरपंच अरुण गौतम के खिलाफ पुलगांव थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायत के अनुसार सरपंच के मोबाइल नंबर से संचालित व्हाट्सऐप स्टेटस पर कलेक्टर और एसडीएम के विरुद्ध कथित रूप से आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया था। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 और आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कार्यालय अनुविभागीय दंडाधिकारी दुर्ग ग्रामीण की ओर से 27 अक्टूबर को ज्ञापन जारी किया गया था। यह ज्ञापन 28 अक्टूबर को संबंधित पुलिस चौकी में प्राप्त हुआ। इसमें ग्राम समोदा निवासी जितेंद्र देशमुख की शिकायत का उल्लेख करते हुए सरपंच अरुण गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए कहा गया था। प्रार्थी जितेंद्र देशमुख ने अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से व्हाट्सऐप पर संदेश भेजकर अधिकारियों को कथित आपत्तिजनक स्टेटस की जानकारी दी थी। शिकायत के साथ संबंधित व्हाट्सऐप स्टेटस का स्क्रीनशॉट भी भेजा गया था।

- व्हाट्सऐप स्टेटस में आपत्तिजनक टिप्पणी लगा रखी थी
- पुलगांव पुलिस ने दर्ज किया अपराध

### मरार पारा में सिलेंडर फटने से लगी आग

**दुर्ग।** कोतवाली थाना अंतर्गत मरार पारा वार्ड में पार्षद विजयंत पटेल के घर के ठीक सामने जय पटेल घर में सिलेंडर फटने की वजह से आग लग गई। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन आग फैल गई। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को खबर दी गई। फायर ब्रिगेड ने लगी आग पर काबू पाया। घटना के बाद बिजली विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पार्षद विजयंत पटेल ने बताया कि घटना करीब 7 बजे की है। घर में खाने बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर फटा। आग लगने के बाद पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में भीड़ जुटी, रात साढ़ 8 बजे तक स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।



## नर्सरी के पास गांजा बेचने ग्राहक का कर रहा था इंतजार, हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने ग्राम सिरसाकला स्थित पुरैना चौक नर्सरी के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा था। मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 60 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी नितिन कुमार डहरिया थाना पुरानी भिलाई का हिस्ट्रीशीटर है।



■ 60 हजार रुपए कीमत का 1.150 किलो गांजा जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुरानी भिलाई को सूचना मिली कि ग्राम सिरसाकला के पुरैना चौक स्थित नर्सरी के पास एक युवक अवैध गांजा लेकर बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखबिर ने युवक के कपड़ों और हुलिए की जानकारी भी पुलिस को दी थी। सूचना की पुष्टि और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस टीम गवाहों तथा हमराह स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची। वहां मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिए का एक युवक दिखाई दिया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नितिन कुमार डहरिया, उम्र 28 वर्ष, निवासी भाठापारा दादर चरोदा, थाना पुरानी भिलाई, जिला दुर्ग बताया।

पुलिस ने गवाहों की मौजूदगी में उसके पास रखे पैकेट की जांच की। जांच के दौरान उसमें गांजा मिलने की बात सामने आई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 1.150 किलोग्राम गांजा जब्त किया। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 60 हजार रुपये बताई गई है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपी नितिन कुमार डहरिया को न्यायालय में पेश किया। वहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

**अलमारी के लॉकर में रखे बैग से गायब हुई रकम**

# दुर्गा नगर में 8.20 लाख रुपए चोरी, सीसीटीवी कैमरे से पता चला घर की नौकरानी ने ही घटना को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्मृति नगर चौकी क्षेत्र के दुर्गा नगर में एक घर से 8 लाख 20 हजार रुपए नकद चोरी होने का मामला सामने आया है। घर की मालकिन ने अपने यहां काम करने वाली महिला पर चोरी का संदेह जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण सुपेला थाना पुलिस को सौंपा गया है।

जानकारी के अनुसार कोहिनूर मैरिज पैलेस के पास फेस-1, प्लॉट नंबर 4, दुर्गा नगर निवासी निखत परवीन (37) पति हयात निजामी ने शिकायत में बताया कि उनके घर की अलमारी के लॉकर में रखे बैग से 8 लाख 20 हजार रुपए गायब हैं। उन्होंने घर में झाड़-पोंछा का काम करने वाली दुरपत बाई साहू पर चोरी का संदेह जताया है। महिला मूल रूप से धमतरी जिले के भखारा थाना क्षेत्र के सिलहोटी की निवासी बताई गई है और वर्तमान में सुपेला क्षेत्र की मुरुम खदान के पास रहती है। शिकायत के मुताबिक, निखत परवीन के छोटे भाई आफताफ सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। उन्होंने 6 अगस्त 2026 को अपनी शादी के जेवर खरीदने के लिए पांच लाख रुपये दिए थे। इसके अलावा निखत ने अपनी बचत और बीसी से प्राप्त रकम मिलाकर कुल 9 लाख 25 हजार रुपए बेटी की अलमारी के लॉकर में एक बैग में रखे थे। निखत के अनुसार, अलमारी की चाबी कपड़ों के नीचे रखी जाती थी। 28 सितंबर 2026 को जब वह बेटी के कमरे में पहुंचीं और लॉकर खोला, तो उसमें चाबी लगी हुई थी। बैग की जांच करने पर उसमें केवल 1 लाख 5 हजार रुपए मिले, जबकि शेष 8 लाख 20 हजार रुपए गायब थे।



एआई आधारित।

### घर में काम करने वाली महिला पर जताया संदेह

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार में वह स्वयं, उनकी दो बेटियां और एक बेटा रहते हैं। उनके पति सऊदी अरब में नौकरी करते हैं। घर में झाड़-पोंछा करने के लिए दुरपत बाई साहू आती थी। शिकायतकर्ता का कहना है कि घर में अन्य बाहरी लोगों का आना-जाना नहीं था। इसी आधार पर उन्होंने काम करने वाली महिला पर चोरी का संदेह जताया है। घर के मुख्य गेट पर सीसीटीवी कैमरा भी लगा हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए) और 306 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है। मामले में चोरी की रकम की बरामदगी और शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### खेदामारा में 60वां उर्स आज, आम लंगर भी

**भिलाई।** खेदामारा (नवातरिया) में मोहम्मदिया यंग कमेटी के तत्वावधान में हजरत गुलाब शाह का 60वां उर्स 30 अक्टूबर शुक्रवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से अकीदतमंद पहुंचकर दुआ करेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और विशेष अतिथि जनपद सदस्य गोकुल वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच अनिल बंजारे, उपसरपंच अमन नारंग, सत्येन्द्र अगार, राजेन्द्र भोजक, शेख इजराईल, शेख जुम्मन, सुल्तान मियां, शेख इद्दू, डॉ. अहमद, जाफर अली, मनोज कोटवार, दिलीप सिन्हा और शेख अनवर उपस्थित रहेंगे। आयोजकों ने सभी अकीदतमंदों से शामिल होने की अपील की है। इस मौके पर सभी जायरीनों के लिए आम लंगर की व्यवस्था की गई है।

### ग्रामीण बैंक ने दी 2 लाख रुपये की बीमा राशि



**जामुल।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक की जेवरा-सिरसा शाखा द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत दिवंगत खाताधारक के नामांकित व्यक्ति (नॉमिनी) को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजीजेबीवाई) की 2 लाख रुपये की क्लेम राशि का चेक प्रदान किया गया। ग्राम करंजा-भिलाई निवासी खाताधारक कृष्णा पारधी के अकास्मिक निधन के पश्चात उनकी पत्नी एवं नामांकित व्यक्ति फुलेश्वरी पारधी को शाखा प्रबंधक रवि देवांगन द्वारा 2 लाख रुपये की दावा राशि का चेक सौंपा गया।

### 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली सफल बनाने तैयारी

**अंडा।** लोकतंत्र और मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ जनमार्च एवं महारैली' का



आयोजन किया जा रहा है। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस आयोजन को लेकर आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली पहुंचने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में होने वाला यह जनआंदोलन किसी एक दल, जाति या धर्म का न होकर हर नागरिक के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों से अपील की कि वे इस ऐतिहासिक रैली में अपनी सहभागिता दर्ज कराकर लोकतंत्र को सशक्त बनाएं।

### राकेश को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव ज्ञानदीप पुरस्कार




**अंडा।** दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुमाकला में पदस्थ शिक्षक राकेश कुमार हरमुख को 'ज्ञानदीप पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर केंद्रीय जिला सहकारी बैंक दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज (नगर इकाई दुर्ग) के पदाधिकारियों तथा स्वजातीय बंधुओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## निधन

### भारत सिंह

**भिलाई।** सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी स्टेशन चौक जी केबिन



चरोदा निवासी भारत सिंह का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार जी केबिन सिरसा कला रोड पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे पत्रकार गंगाप्रसाद सिंह और संतराम सिंह के पिता थे।

### मौसम की मार ने बेहाल किया किसानों को, भविष्य को लेकर असमंजस की हालत

# चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का प्रकोप : खेतों में गिरी धान की फसल, किसानों को भारी क्षति की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

**फसल कटाई की तैयारी के दौरान कहर टूटा किसानों पर, नुकसान की भरपाई को लेकर माथे पर चिंता की लकीरें**



अंडा क्षेत्र एवं ग्रामीण अंचलों में बुधवार रात से सक्रिय हुए चक्रवाती तूफान 'अर्णव' के कारण हुई तेज हवाओं और वर्षा से खेतों में पककर तैयार धान की फसल जमींदोज हो गई है।

कांडी प्रखंड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किसान फसल की कटाई की तैयारी में थे, लेकिन ऐन वक्त पर आए इस प्राकृतिक बदलाव से धान की उपज और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होने की आशंका बन गई है। गिरी हुई फसल को काटने में किसानों को अत्यधिक श्रम और लागत लगानी पड़ेगी। प्राकृतिक आपदाओं से लगातार जूझ रहे किसानों ने कर्ज लेकर खाद, बीज व कीटनाशक की व्यवस्था की थी, जिससे अब उनके सामने गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है।

### स्कूली अवकाश से पाठ्यक्रमों की पूर्णता को लेकर बढ़ी चिंता

**जामगांव आर।** चक्रवात 'अर्णव' के चलते शासन द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से 30 अक्टूबर तक स्कूलों में अवकाश घोषित किए जाने के बाद पाठ्यक्रम पूरा कराने को लेकर चिंता बढ़ गई है। दशहरा अवकाश के तुरंत बाद और आगामी दीपावली अवकाश के बीच इस आकस्मिक अवकाश से शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ है। मौसम में सुधार के बाद 30 अक्टूबर को विद्यालय खुलने अथवा न खुलने को लेकर संशय बना रहा। इस विषय पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डलेंद्र कुमार देवांगन ने स्पष्ट किया कि उच्च स्तर से जारी आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाएगा और नए निर्देश प्राप्त होने तक वर्तमान व्यवस्था ही प्रभावी रहेगी।

### बेमौसम बारिश से तबाह हुई धान की फसल, मुआवजा और बीमा राशि की मांग



**उतई।** चक्रवाती बारिश से धान की फसल को हुए नुकसान पर जनपद सदस्य एवं किसान नेता ढालेश साहू ने राज्य सरकार से प्रभावित किसानों को तत्काल राहत राशि देने की मांग की है। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर फसल क्षति का निष्पक्ष सर्वे कराने तथा प्राकृतिक आपदा प्रावधानों के तहत त्वरित मुआवजा जारी करने का आग्रह किया है। ढालेश साहू ने कहा कि सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से केसीसी (केसीसी) ऋण लेने वाले जिन किसानों के खातों से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रीमियम काटा गया है, उन्हें बीमा कंपनियों से शीघ्र क्लेम राशि दिलाई जाए। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर फसल बीमा हेल्पलाइन नंबर 14447 या संबंधित विभाग में दर्ज कराएं और अपने दस्तावेज व फोटो सुरक्षित रखें।

### चक्रवात 'अर्नब' से जनजीवन प्रभावित, धान की फसलें जलमग्न और पैरा खेतों में अटका

**जामगांव आर।** चक्रवात 'अर्णव' के प्रभाव से 27 से 29 अक्टूबर तक क्षेत्र में वर्षा और तेज हवाओं के चलते व्यापार एवं सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। 29 अक्टूबर की दोपहर बाद मौसम में कुछ सुधार देखा गया। चक्रवात के कारण हवा और बारिश से धान की फसलें खेतों में गिरकर पानी में डूब गईं, जिससे किसानों को व्यापक क्षति हुई है। किसान चतुर साहू ने बताया कि हवा और पानी के एक साथ चलने से फसलें पूरी तरह सो गई हैं। वहीं किसान कुबेर साहू ने बताया कि हार्वेस्टर से कटाई के बाद खेत में रखा पैरा बारिश के कारण नहीं उठाया जा सका। इस आपदा के बीच विद्युत विभाग की त्वरित सक्रियता से बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखी गई।



## खेत निरीक्षण के बाद किसान ने स्वीकारी अपनी गलती

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



पाटन में धान बीज की गुणवत्ता को लेकर कृषि कार्यालय में दर्ज कराई गई शिकायत गलत साबित हुई है। आवेदक राकेश वर्मा (पिता स्व. मोहन लाल वर्मा) और मानसिंह वर्मा (पिता स्व. जीवराखन लाल वर्मा) द्वारा युगल किशोर आडिल के नेतृत्व में लक्ष्मी कृषि केंद्र एवं बीज भंडार पाटन तथा बीज निर्माता कंपनी रियल एग्री क्रिएशन के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई थी और इस संदर्भ में जांच की मांग की। जिसे अब बेबुनियाद बताया गया है। पाटन ब्लॉक एग्री डीलर्स के पदाधिकारियों ने कृषक की उपस्थिति में उनके खेतों का निरीक्षण किया।

पदाधिकारियों का कहना है कि इस दौरान बोता (सीधी बुआई) और रोपा (पौध रोपण), दोनों भूखंडों में धान की फसल का जायजा लिया गया और शिकायत निराधार पाई गई।

#### निरीक्षण में स्पष्ट हुई स्थिति

निरीक्षण के दौरान देखा गया कि खेतों में धान की बालियां लगभग 75 से 80 प्रतिशत तक निकल चुकी हैं। रोपा धान में खरपतवार/करगा की कोई शिकायत नहीं मिली, जबकि बोता धान में करगा की समस्या देखी गई। विशेषज्ञों के अनुसार, यह समस्या बीज की खराबी न होकर संबंधित भूखंड की स्थिति के कारण उत्पन्न हुई थी, क्योंकि दोनों ही भूखंडों में एक ही लॉट नंबर के बीज का उपयोग किया गया था।
निरीक्षण के समय पाटन एग्री डीलर्स के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा, संरक्षक संतोष मिश्रा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, कार्यकारिणी सदस्य रज्जु सोनी, राजू वर्मा और शेख साजिद मौजूद थे। कंपनी की ओर से प्रतिनिधि यादराम साहू, प्रकाश सिन्हा एवं स्थानीय कृषक उपस्थित रहे।

## सतनाम चौक पर साप्ताहिक बाजार से लग रहा जाम, अव्यवस्था दूर करने बदलाव की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोतीपुर स्थित सतनाम चौक पर हर मंगलवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के कारण पाटन-रायपुर और भिलाई-तीन-रायपुर मार्ग पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

सड़क पर भीड़ बढ़ने से आम नागरिकों और बड़े वाहनों की आवाजाही में परेशानी हो रही है। इस समस्या को देखते हुए स्थानीय लोगों ने बाजार को सतनाम चौक से हटाकर किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि बीते महीने कुम्हारी से रायपुर के बीच खारून नदी पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान जब पुल बंद था, तब दुर्ग की ओर से आने-जाने वाले वाहन मोतीपुर मार्ग का उपयोग कर रहे थे। उस समय साप्ताहिक बाजार को सतनाम चौक के बजाय सतनाम भवन मेला परिसर के पास लगाया जा रहा था, जिससे मुख्य चौक पर यातायात सुगम था। परंतु पुल की मरम्मत पूर्ण होते ही बाजार पुनः सतनाम चौक पर लगने लगा है, जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।



■ मेला परिसर में बाजार लगने से सुगम था यातायात

#### दीपावली के माहौल में बढ़ी परेशानी

वर्तमान में दीपावली का त्योहार होने के कारण बाजार में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। व्यस्त मुख्य मार्ग पर बाजार लगने से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही है। वाहन चालकों को निकलने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है, वहीं बड़े वाहनों के गुजरने पर स्थिति और भी गंभीर हो जाती है।
**जिम्मेदारों की उदासीनता पर उठे सवाल:** स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब पुल बंद रहने के दौरान बाजार को सतनाम भवन मेला परिसर के पास व्यवस्थित रूप से लगाया जा सकता था, तो अब भी उसे वहीं या किसी अन्य वैकल्पिक स्थान पर स्थायी रूप से स्थानांतरित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत से मांग की है कि जनहित व सुगम यातायात को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही नया स्थान निर्धारित किया जाए ताकि त्योहार के दौरान किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## सीएम के आश्वासन पर किसानों की भूख हड़ताल 15 दिनों के लिए स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

आईडीबीआई बैंक से जुड़े किसानों के कर्जमाफी और एकमुश्त निपटान (ओटीएस) की मांगों को लेकर किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल के नेतृत्व में पिछले 52 दिनों से चल रही क्रमिक भूख हड़ताल 15 दिनों के लिए स्थगित कर दी गई है। दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हुई वार्ता में निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया। इस वार्ता के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष रोहित राजपूत भी उपस्थित थे। इससे पूर्व सांसद विजय बघेल और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने आंदोलन स्थल पहुंचकर किसानों की मांगों का समर्थन किया था। पूर्व विधायक बाफना की पहल पर परसबोड़ में ट्रांसफार्मर समस्या के निराकरण तथा खैरझिटी स्कूल निर्माण हेतु



जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद की राशि जल्द जारी कराने का आश्वासन दिया गया।

दूसरी ओर, विधायक ईश्वर साहू की कार्यप्रणाली से असंतुष्ट होकर 13 भाजपा कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने का मामला भी क्षेत्र में राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है। विधायक की कार्यप्रणाली को लेकर बताई जा रही नाराजगी और कार्यकर्ताओं के पार्टी छोड़ने के घटनाक्रम ने स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को लेकर चर्चाएं तेज कर दी हैं। हालांकि, पार्टी छोड़ने वाले सभी कार्यकर्ताओं के नाम, उनके आधिकारिक बयान और भाजपा का पक्ष सामने आने के बाद ही इस मामले की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## बिजनेस साइट

### कीमती ज्वेलर्स ने भिलाई में लॉन्च किया नया स्टोर




**भिलाई।** अरमान कोठारी द्वारा स्थापित कीमती ज्वेल्स ने छत्तीसगढ़ में अपना दूसरा स्टोर प्लॉट नंबर 19/8, नेहरू नगर मेन रोड, अग्रसेन चौक, कल्याण ज्वेलर्स के सामने, नेहरू नगर ईस्ट, भिलाई में लॉन्च किया है। कोठारी ग्रुप, उद्यमी निखिल कामथ और काविन शाह के समर्थन वाला यह ब्रांड प्रमाणित और किफायती लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी उपलब्ध कराता है। बिलासपुर में स्टोर शुरू करने के बाद भिलाई में यह नया स्टोर ग्राहकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया और आधुनिक डायमंड ज्वेलरी की बढ़ती मांग को देखते हुए खोला गया है। इस विस्तार से ब्रांड की पहुंच भिलाई, दुर्ग और आसपास के क्षेत्रों तक बढ़ेगी। नए स्टोर में 14 कैरेट गोल्ड और 925 स्टर्लिंग सिल्वर से बनी रिंग्स, ईयररिंग्स, पेंडेंट, ब्रेसलेट और मंगलसूत्र सहित कई डिजाइन उपलब्ध हैं। यहां ग्राहक रोजमर्रा के इस्तेमाल और खास अवसरों के लिए अपनी पसंद के अनुसार ज्वेलरी चुन सकते हैं। ब्रांड चुनिंदा ज्वेलरी पर लाइफटाइम बायबैक और एक्सचेंज की सुविधा भी प्रदान करता है। कीमती ज्वेल्स के संस्थापक अरमान कोठारी ने कहा कि भिलाई में नया स्टोर शुरू करना छत्तीसगढ़ में ब्रांड की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी आधुनिक डिजाइन, पारदर्शी कीमतों और किफायती विकल्पों के माध्यम से अधिक ग्राहकों तक प्रमाणित लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी पहुंचाने पर ध्यान दे रही है।

### वेल्डेक्स ग्राउंड में सजा भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का मेला



**भिलाई।** आगामी दीपावली को देखते हुए दीप महोत्सव भारतीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का शुभारंभ हो गया है। इसमें 8 नवंबर तक भारतीय हैंडलूम और हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी का अवसर, साथ ही चुनिंदा उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक की छूट पाने का मौका लोगों को मिलेगा। प्रदर्शनी के संचालक ने बताया कि दीप महोत्सव के अवसर पर भारतीय हैंडलूम और हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन 27 अक्टूबर से 8 नवंबर तक वेल्डेक्स ग्राउंड, कला मंदिर के सामने, सिविक सेंटर, भिलाई में किया जा रहा है। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न क्षेत्रों की पारंपरिक कला, संस्कृति और हस्तशिल्प की आकर्षक झलक देखने को मिल रही है। यहां ग्राहकों को एक ही स्थान पर विविध प्रकार के कपड़े, साड़ियां, सजावटी वस्तुएं और हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में भदोही के कारपेट, बनारसी साड़ी, साड़ी वस्त्र, कश्मीरी सूट एवं साड़ी, एम्ब्रॉयडरी वर्क, राजस्थान की बांधनी वस्त्र, लेडीज कुर्ती एवं टॉप, बंगाली साड़ी तथा टेक्सटाइल प्रिंट जैसे उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके अलावा भागलपुरी सिल्क वस्त्र, लखनवी चिकन वर्क, जूट बैग, मुंबई के कॉस्मेटिक आइटम, कोसा साड़ी एवं ड्रेस, वुडन आइटम, कांचीवरम साड़ी, कॉटन वस्त्र तथा डेकोरेटिव उत्पाद भी प्रदर्शनी के प्रमुख आकर्षण हैं।

## राजू और रोमशंकर को मिला 'सांसद गौरव सम्मान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन/उतई

पाटन में आयोजित 'सांसद-सरपंच संवाद' कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली हस्तियों को 'सांसद गौरव सम्मान' से अलंकृत किया।

इस अवसर पर पाटन के प्रसिद्ध वन्यजीव छायाकार (वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर) और पक्षी विशेषज्ञ राजू वर्मा को पर्यावरण एवं पक्षी संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। राजू वर्मा लंबे समय से आर्द्रभूमि (वेटलैंड्स) और पक्षियों की सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता फैलाने में जुटे हैं। उन्होंने



छत्तीसगढ़ में आने वाले प्रवासी पक्षियों की छायांकन (फोटोग्राफी) कर उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसी तरह विगत 29 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव को दुर्ग सांसद विजय बघेल ने 'सांसद गौरव सम्मान' से सम्मानित किया। रोमशंकर यादव अपने तथा परिजनों के जन्मदिवस, गृहप्रवेश एवं विवाह जैसे मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण करते आ रहे हैं। उनके द्वारा रोपे गए पौधे आज विशाल वृक्ष का रूप ले चुके हैं। पूर्व में उन्हें अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा 'फोर्स फॉर गुड हीरोज' सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। वे अपनी संस्था 'हितवा संगवारी' के माध्यम से निरंतर पर्यावरण गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति नीलम चंद्राकार, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश चंद्राकार, सरपंच अध्यक्ष विनय चंद्राकार, सरपंच रवि सिंगौर, रूपेंद्र शुक्ला, अमलेश्वर नगर पंचायत अध्यक्ष दयानंद सोनकर और झीट सरपंच राजू साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129


**लाइव इवेंट**

## जंगल में सदस्यों ने की रिसोर्स मैपिंग आदिवासियों ने बताया औषधियों का महत्व




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की पहल पर महासमुंद जिले के भोथा, टेंगराही और हाथीबाहरा के जंगलों में तीन दिवसीय औषधीय पौधों की खोज यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस यात्रा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और राजस्थान से आए 65 से अधिक वैद्यों, वनस्पति वैज्ञानिकों, आयुर्वेद चिकित्सकों, कृषि वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों, ग्रामीणों और विज्ञान कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इनमें दुर्ग-भिलाई से विज्ञान सभा के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल थे।

इस दौरान अमलतास, गुड सुखरी, शतावर, सफेद मूसली, काली मूसली, द्रोणपुष्पी, भालू ककई, छोटा गोखरू, सफेद भूलन सहित सौ से अधिक दुर्लभ औषधीय पौधों की पहचान की गई। विज्ञान सभा की इस 30वीं खोज यात्रा के पहले दिन उद्घाटन सत्र में विभिन्न राज्यों से आए परंपरागत वैद्यकीय प्रेमियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के वन संसाधनों और उपलब्ध औषधीय पौधों की जानकारी साझा की। इस पूरी खोज यात्रा के नेतृत्वकर्ताओं में छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड अपर कलेक्टर विश्वास मेश्राम, अंचल के प्रसिद्ध टैक्सनॉमिस्ट दिनेश कुमार, विज्ञान सभा के ज्वाइंट सेक्रेटरी रतन गोंडाने, कोषाध्यक्ष एवं शिक्षाविद् अंजू मेश्राम, ग्राम हाथीबाहरा के वैद्य चमार राय नेताम, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के जूलॉजिस्ट डॉ. एच.एन. टंडन, इतिहासकार और कसेकेरा मिडिल स्कूल के प्रधान अध्यापक डॉ. विजय शर्मा, आयुर्वेदिक कॉलेज बिलासपुर के प्रोफेसर विवेक दुबे, कोरबा से आए वैद्य अर्जुन लाल श्रीवास, राजस्थान से आए वैद्य महेंद्र कुमार सैनी, महाराष्ट्र से आए युवा विज्ञान कार्यकर्ता व सिविल इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स रुचिका मेढ़ें तथा नोएल गेडाम शामिल रहे।

कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह से शाम तक भोथा, टेंगराही और हाथीबाहरा के सघन जंगलों में औषधीय पौधों की खोज और रिसोर्स मैपिंग का कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम भोथा के युवा विज्ञान कार्यकर्ता गीतेश साहू, वरिष्ठ इंजीनियर लक्ष्मीकांत अग्रवाल, हाथीबाहरा मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक खेमचंद चक्रधारी ने सक्रिय योगदान दिया। जड़ी-बूटियां खोजते समय जंगल में मिले स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे सब मिलकर इन जंगलों, जड़ी-बूटियों और वन्य जीवों की तस्करों से रक्षा करते हैं तथा बाहरी लोगों द्वारा लकड़ी काटने या शिकार करने पर पूरी पाबंदी है।

**लाइव इवेंट**

## नेटबॉल में दोनों टीमों ने दर्ज की दो-दो जीत, कराते में बालक-बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने जीते पदक



**भिलाई।** 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में नेटबॉल और कराते के मुकाबलों में प्रदेश के विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। नेटबॉल के 17 वर्ष बालिका वर्ग में दुर्ग और रायपुर की टीमों ने अपने-अपने दोनों मुकाबलों में जीत दर्ज की। वहीं कराते के 19 वर्ष बालिका और 17 वर्ष बालक वर्ग में विभिन्न भार वर्गों के मुकाबले हुए, जिनमें दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग के खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक दुर्ग में किया जा रहा है।

### नेटबॉल में दुर्ग और रायपुर ने दिखाया दम

गुरुवार को बारिश के कारण नेटबॉल के मुकाबले दूसरे हाफ में शुरू हुए। इस दौरान केवल 17 वर्ष बालिका वर्ग के मैच खेले गए। दुर्ग ने रायपुर को 15-07 और बिलासपुर को 09-06 से हराया। बिलासपुर ने बस्तर को 12-02 से पराजित किया। सरगुजा ने बस्तर को 08-03 से हराया। वहीं, रायपुर ने बस्तर को 10-01 और सरगुजा को 10-01 से शिकस्त दी। इस तरह दुर्ग और रायपुर की टीमों ने अपने दोनों मुकाबलों में जीत हासिल की।

### कराते में बालिका वर्ग के पदक विजेता

19 वर्ष बालिका वर्ग में भार वर्गवार के 32 किग्रा से कम में प्रथम दामिनी दुर्ग, द्वितीय अंजली कुमारी रायपुर, 36 किग्रा से कम प्रथम भूमिका कश्यप बिलासपुर, द्वितीय मोनिती कुर्ट रायपुर, तृतीय तान्या शर्मा सरगुजा, 40 किग्रा से कम प्रथम किशोरी मरकाम दुर्ग, द्वितीय लक्ष्मी ताम्रकार सरगुजा, तृतीय मनीषा यादव बस्तर, 44 किग्रा से कम में प्रथम मधु निषाद रायपुर, द्वितीय ज्योति नेताम बस्तर, तृतीय आरती यादव बिलासपुर, 48 किग्रा से कम प्रथम पलक निराला दुर्ग, द्वितीय नीलम साहू रायपुर, तृतीय मिन्की पैकरा सरगुजा, 52 किग्रा से कम में प्रथम आंचल बेक बिलासपुर, द्वितीय हरितना पोर्तिम बस्तर, तृतीय रूपी गुप्ता सरगुजा, 56 किग्रा से कम में प्रथम नमना दुर्गी रायपुर, द्वितीय धृति खंडेलवाल बिलासपुर, तृतीय प्रिया निषाद दुर्ग, 60 किग्रा से कम में प्रथम आंचल राठी रायपुर, द्वितीय अमरीका यादव बस्तर, तृतीय पूजा यादववंशी बिलासपुर, 64 किग्रा से कमः प्रथम आराधना धिवर बिलासपुर, द्वितीय मालगुनी सरगुजा, 68 किग्रा से कम में प्रथम राजलक्ष्मी कंडन रायपुर, द्वितीय भावना बाजपाई सरगुजा, तृतीय अंजना चतुर्वेदी बिलासपुर, 68 किग्रा से अधिक में प्रथम सुनक शत्रे रायपुर, द्वितीय हिमलता निषाद बिलासपुर, कराते में बालक वर्ग के विजेता रहे।

● दीपावली की तैयारी...पेंटरों और रंग-रोगन से जुड़े कारोबारियों के काम में बढ़ी व्यस्तता

# त्योहार के स्वागत में जुटे लोग, आशियाने की दीवारों को दे रहे नया लुक, दीवारों में कराया जा रहा कलर

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही शहर में उत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। घरों से लेकर दुकानों, कार्यालयों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन का काम शुरू हो गया है। कोई अपने आशियाने की दीवारों को नया रंग दे रहा है, तो कोई अपनी दुकान और प्रतिष्ठान को आकर्षक रूप देने में जुटा है। रंगों की खुशबू और त्योहार की रौनक के बीच शहर की गलियों और बाजारों में दीपावली का उत्साह धीरे-धीरे नजर आने लगा है।



**भिलाई।** भारतीय परंपरा में दीपावली केवल दीप जलाने का पर्व नहीं, बल्कि घर-आंगन को संवारने, पुरानी चीजों को व्यवस्थित करने और नई शुरुआत का प्रतीक भी है। यही वजह है कि दीपावली से पहले लोग अपने घरों की सफाई, दीवारों की मरम्मत और रंगाई-पुताई को प्राथमिकता देते हैं। मान्यता है कि साफ-सुथरे और सजे-धजे घर में मां लक्ष्मी का स्वागत शुभ होता है। दीपावली की तैयारियों के बीच लोग अपने घरों को नया लुक देने के लिए अलग-अलग रंगों का चुनाव कर रहे हैं। कहीं हल्के और सुकून देने वाले रंग पसंद किए जा रहे हैं, तो कहीं आकर्षक रंगों के मेल से घर की खूबसूरती बढ़ाई जा रही है। ड्राइंग रूम, बेडरूम, बरामदे और प्रवेश द्वार को विशेष रूप से सजाने पर ध्यान दिया जा रहा है। कई परिवार केवल रंग-रोगन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि घर के पुराने सामान की मरम्मत, पर्दों में बदलाव और सजावटी वस्तुओं की खरीदारी की तैयारी भी कर रहे हैं। लोगों की कोशिश है कि दीपावली के दिन घर का हर कोना साफ, सुंदर और रोशनी से जगमगाता नजर आए।

### दुकानों और प्रतिष्ठानों को सजाने की तैयारीत

योहार का उत्साह व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी दिखाई देने लगा है। दुकानदार अपनी दुकानों की दीवारों, शटर और प्रवेश द्वार को नया रूप देने में जुटे हैं। कारोबारियों के लिए दीपावली का समय खास महत्व रखता है, ऐसे में वे ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों को साफ-सुथरा और सुंदर बनाने पर जोर दे रहे हैं। कई प्रतिष्ठानों में रंगाई-पुताई के साथ सजावटी लाइटें लगाने और आकर्षक साज-सज्जा की योजना भी बनाई जा रही है। दीपावली के दिन रोशनी से जगमगाते बाजारों की तस्वीर अभी से लोगों की कल्पना में आकार लेने लगी है।

### पेंटरों के हाथों को मिला काम

दीपावली से पहले रंग-रोगन का काम बढ़ने से पेंटरों और इससे जुड़े कामगारों की व्यस्तता भी बढ़ जाती है। घरों और दुकानों में रंगाई-पुताई के लिए लोग पहले से संपर्क करने लगे हैं, ताकि त्योहार से पहले काम पूरा हो सके।

### परंपरा के साथ नई सजावट का संगम

समय के साथ दीपावली की सजावट के तरीकों में बदलाव आया है। पहले जहां घरों की सामान्य सफेदी और पारंपरिक रंगाई पर जोर रहता था, वहीं अब लोग टेक्सचर पेंट, आकर्षक रंग संयोजन और आधुनिक डिजाइन भी पसंद कर रहे हैं। इसके बावजूद त्योहार से पहले घर की सफाई और रंग-रोगन कराने की परंपरा आज भी बरकरार है। दीपावली का असली संदेश भी यही है कि घरों के साथ मन में भी नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हो। घर की दीवारों पर चढ़ते नए रंग, आंगन में बनने वाली रंगोली और दरवाजों पर सजने वाले तोरण त्योहार की खुशियों को और खास बना देते हैं।




### वाल पेपर की भी है डिमांड

खंडेलवाल पेंट की संचालिका नेहा खंडेलवाल ने बताया कि लोग त्यौहारों पर लोग घरों को सजाने अपने-अपने बजट के अनुसार घरों में रंगाई-पोताई करते है। जिसके लिए पहले से ही सभी रेंज के स्टॉक सभी दुकानों में उपलब्ध है। आजकर लोग वॉलपेपर और पीवीसी के लिए भी डिमांड कर रहे है। आजकल सभी रेंज में वॉलपेपर भी आ रहे है जो कि सामान्य फैमिली भी ले रहा है।

# डीएवी नेशनल ताइक्वांडो में दुर्ग की बेटियों का जलवा, नायशा ने जीता स्वर्ण पदक

**दुर्ग।** दिल्ली में अक्टूबर में आयोजित डीएवी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दुर्ग की दो होनहार खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया। जनता मार्केट, पद्मनाभपुर स्थित एक्टिव ताइक्वांडो अकादमी की नायशा साहू ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा, वहीं नव्या साहू ने कांस्य पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से अकादमी, उनके अभिभावकों और खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है।

नायशा ने डीएवी ताइक्वांडो की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस उपलब्धि को डीएवी ताइक्वांडो में दुर्ग की खिलाड़ी की पहली सफलता है। वहीं नव्या ने भी कड़े मुकाबलों में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और खेल कौशल से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई।

इस सफलता के पीछे दोनों खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास, अनुशासन और आत्मविश्वास अहम रहा। वे अकादमी के प्रशिक्षक चंद्रकुमार साहू के मार्गदर्शन में ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके प्रशिक्षण और निरंतर मेहनत ने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया। प्रशिक्षक चंद्रकुमार साहू ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि




पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नायशा का स्वर्ण पदक जीतना अकादमी के लिए गर्व का क्षण है। नव्या का कांस्य पदक भी उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि अकादमी का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, अनुशासन और उचित मार्गदर्शन देकर राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

# 31 से जुटेंगे प्रदेशभर के शतरंज खिलाड़ी, दिखाएंगे दिमागी कौशल

**भिलाई।** शह-मात के रोमांच और दिमागी कौशल के मुकाबले के लिए भिलाई में प्रदेशभर के शतरंज खिलाड़ी जुटेंगे। छत्तीसगढ़ स्टेट रैपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप 2026 का आयोजन 31 अक्टूबर से सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन में किया जाएगा। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 19 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। स्पर्धा का शुभारंभ शनिवार सुबह 9.30 बजे दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण विकास तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रसेन जन कल्याण समिति भिलाई के महासचिव अनिल अग्रवाल करेंगे। दुर्ग के समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन, अग्रसेन जन कल्याण समिति और अग्रसेन महिला कल्याण समिति के सहयोग से जिला शतरंज संघ दुर्ग इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया एवं महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में होने वाली इस चैंपियनशिप को अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फीडे) की मान्यता मिली है। इससे खिलाड़ियों को अपनी रेटिंग सुधारने और नए खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय रेटिंग हासिल करने का अवसर मिलेगा।

### राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए होगा चयन

प्रतियोगिता के रैपिड और ब्लिट्ज वर्ग में दो-दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। दोनों वर्गों में कुल 92,500 रुपये की नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। विजेताओं को ट्रॉफी और स्मृति चिह्न दिए जाएंगे, जबकि सभी प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। रैपिड वर्ग में अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 आयु वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को विशेष नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

**नैसकॉम प्रशिक्षण से 2500 से अधिक विद्यार्थियों को मिला उद्योग-केंद्रित ज्ञान**

**कार्नर न्यूज**

# तकनीकी दक्षता, डिजिटल कौशल और रोजगारपरक प्रशिक्षण पर दिया जोर, विद्यार्थियों को मिला अवसर

**भिलाई।** तकनीकी शिक्षा के साथ उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकसित करना आज के दौर में रोजगार की संभावनाएं बढ़ाने के लिए जरूरी है। इसी दिशा में संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एसआरजीआई में नैसकॉम प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम 2026 का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों के 2500 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और उद्योग-केंद्रित प्रशिक्षण का लाभ उठाया। नैसकॉम के क्षेत्रीय प्रमुख श्रीनु के. ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को उद्योग जगत की मौजूदा जरूरतों, तकनीकी दक्षताओं, डिजिटल शिक्षा, रोजगारपरक कौशल और व्यावसायिक विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक कौशल विकसित करने और बदलती तकनीकी जरूरतों को समझने का अवसर मिला।

### छह संस्थानों के विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

कार्यक्रम में आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज,



रूंगटा कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस एंड रिसर्च, रूंगटा कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट तथा आईटीआई और आईटीआई कोपा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के तहत विद्यार्थियों को नैसकॉम लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पर पंजीकरण, प्रोफाइल बनाने, पाठ्यक्रम में नामांकन, अपनी गति से अध्ययन करने, मूल्यांकन और प्रमाणन की प्रक्रिया से जोड़ा गया। पाठ्यक्रम, मूल्यांकन और प्रमाणन की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी इसका लाभ उठा सकें।

### समन्वय से व्यवस्थित हुई प्रशिक्षण प्रक्रिया

कार्यक्रम के आयोजन और समन्वय में सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण एवं प्रमाणन की समन्वयक तथा नैसकॉम एसपीओसी परिणीता झा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों का पंजीकरण, पाठ्यक्रम में नामांकन, प्रशिक्षण गतिविधियां और प्रमाणन प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से संचालित की गईं।

कार्यक्रम की सफलता पर एसआरजीआई के चेयरमैन संजय रूंगटा ने कहा कि विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान करना संस्थान की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत कड़ी

कार्यक्रम के संचालन में संस्थान के प्राचार्यों, डीन, विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट टीम और संबंधित समन्वयकों ने सहयोग दिया। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उद्योगों के अनुरूप कौशल, व्यावसायिक अनुभव और प्रमाणन के अवसर उपलब्ध कराना है। नैसकॉम की यह पहल विद्यार्थियों को नई तकनीकों और कार्यक्षेत्र की अपेक्षाओं से परिचित कराने के साथ उनके कौशल को प्रमाणित करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी।



**सिटी इवेंट**

## छत्तीसगढ़ की वादियों का बाइक से तय किया रोमांचक सफर



**भिलाई।** शरद पूर्णिमा पर प्रकृति यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया की राजनांदगांव इकाई ने एक दिवसीय नेचर ब्यूटी बाइक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन किया। इस अनूठे सफर में दुर्ग, भिलाई और रायपुर के 51 सदस्यों सहित कुल 80 महिला व पुरुष प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और छत्तीसगढ़ के अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य का भरपूर आनंद उठाया। दुर्ग-भिलाई इकाई के प्रेसिडेंट ऋषिकान्त तिवारी ने बताया कि ट्रैकिंग का पहला पड़ाव डोंगेश्वर महादेव चोरड़ाधाम रहा, जहां की प्राकृतिक छटा ने सभी प्रतिभागियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां पहाड़, झरने, नदियां और झीलों का अद्भुत और मनोहारी संगम देखने को मिलता है। दुर्ग-भिलाई इकाई के चेयरमैन के. सुब्रमण्यम ने बताया कि डोंगेश्वर महादेव से साल्हेवारा के बीच ऊंचे पहाड़, गहरी खाइयां, घने जंगल और रोमांचक रास्तों ने सभी का मन मोह लिया।

### बेतालरानी घाटी के 17 मोड़ और शरद पूर्णिमा की अमृत खीर का प्रसाद

दुर्ग-भिलाई इकाई के वाइस प्रेसिडेंट सुधीर अवधिया ने बताया कि वॉटरफॉल के बाद सदस्य साल्हेवारा से छुईखदान की ओर बढ़े और सूर्यास्त से पहले बेतालरानी घाटी पहुंचे। हेयर पिन जैसे 17 घुमावदार मोड़ों वाली यह घाटी बेहद रोमांचक है। दूर-दूर तक फैली मैकल पर्वत श्रृंखला और आकाश को छूते पेड़ों की ऊंचाइयां इस सफर में चार चांद लगा रही थीं। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में राजनांदगांव इकाई के पदाधिकारी राजेन्द्र वर्मा, मिनेश मिश्रा, अनुराज श्रीवास्तव, अजय बाम्बेश्वर सहित दुर्ग-भिलाई इकाई के सचिव सुबोध देवांगन, अंशुल देवांगन, प्रिया जांगड़े, के. स्तुति, निखिल त्रिपाठी, काशवी त्रिपाठी, मोहम्मद अलमास, संजय द्विवेदी, पी. के. द्विवेदी, सुधा द्विवेदी, किशोर छबलानी, लिगेन्द्र वर्मा, अथर्व वर्मा, योगेन्द्र वर्मा, एकाग्र वर्मा, संजीव सिंह, रूपेश साहू, तोरणलाल साहू, मोरध्वज साहू, तिलक साहू, कविता छाबड़ा, जयशंकर शर्मा, भानुप्रिया शर्मा, अजय धोबले, चैतन्य ऋषि, राजश्री श्रृंगार पुतले, जे. आर. दिल्लीवार, माधव राव शेरके, प्रतिभा शेरके, त्र्यंबक बंजारे, संजय महाजन, नवीन सिंह, देशबन्धु शर्मा, दिव्या शर्मा, किरण शर्मा, श्रेया शर्मा, आदित्य शर्मा, अंशु पाण्डेय, ममता पाण्डेय, निशिता पाण्डेय, दयाशंकर पाल, लता पाल, आदित्य पाल, अजय पाल, बृजभूषण मिश्रा, आनन्द शुक्ला, अनुराधा शुक्ला, वैभवी शुक्ला तथा राजनांदगांव इकाई के अन्य सभी सदस्यों की भूमिका सराहनीय रही।

**हेल्थ इवेंट**

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा की बहुप्रतीक्षित मांग हुई पूरी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी किए जाने पर आभार जताया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने कहा है कि इससे सभी शासकीय कर्मियों को एक बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इस बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के प्रति विशेष आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही, उन्होंने प्रदेश के सभी कैबिनेट मंत्रियों, सांसदों और विधायकों का भी धन्यवाद किया है, जिनके सहयोग और सकारात्मक रुख से यह सौगात संभव हो सकी है। संघ ने इसे तमाम कर्मचारी संगठनों के लंबे संघर्ष और निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया है। प्रदेश महामंत्री सैय्यद असलम ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि कई बार गंभीर एवं जटिल बीमारियों या दुर्घटनाओं के समय आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कर्मचारी समय पर अपना और अपने परिजनों का बेहतर इलाज नहीं करा पाते थे। ऐसे समय में यह योजना एक जीवन रक्षक कवच साबित होगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ इस बहुप्रतीक्षित मांग को पिछले कई वर्षों से लगातार उठा रहा था। कर्मचारी जगत का मानना है कि यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाएगा, बल्कि उन्हें आर्थिक चिंताओं से मुक्त कर बेहतर सेवाएं देने के लिए भी प्रेरित करेगा।

**धर्म लाइव**

## पं. युवराज पांडेय की श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ, निकली कलश यात्रा



**भिलाई।** बारिश के बावजूद भिलाई-3 में गुरुवार को श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। श्री जय जगन्नाथ सेवा समिति एवं नगरवासियों के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के लिए नगर के विभिन्न देवालयों से मंगल आह्वान के साथ कलश यात्रा निकाली गई। नगर भ्रमण करते हुए यात्रा कथा स्थल मंगल भवन के सामने स्थित इस्पात भवन मैदान पहुंची। यहां व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की गई। भक्ति और सेवा गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कथावाचक पंडित युवराज पांडेय चार नवंबर तक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के प्रसंग सुनाएंगे। कथा के पहले दिन वेदी पूजन के बाद गौकर्ण पूजन और श्रीमद्भागवत महात्म्य का वर्णन किया गया। इसे पहले शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न समाज के लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान आयोजन समिति के सुजीत बघेल, वरिष्ठ अधिवक्ता गणेश शुक्ला, मनीष बंछोर, एलबी वर्मा, कमलेश चंद्राकर, दुलारी वर्मा सहित विभिन्न समाज के लोग, जनप्रतिनिधि व अन्य लोग उपस्थित रहे।

● चांद का इंतज़ार और सेल्फी का क्रेज... करवाचौथ बना ग्लैमरस उत्सव

# करवाचौथ पर श्रृंगार और व्रत में लीन रहीं सुहागिनें, अर्नब के साये में छिपा रहा चांद, अर्घ्य देकर पति के दीर्घायु की कामना



**भिलाई।** पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना लेकर गुरुवार को ट्विनसिटी की सुहागिनों ने करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा। सुबह सरगी ग्रहण करने के बाद शुरू हुआ उपवास दिनभर पूजा-पाठ, सोलह श्रृंगार और चांद के इंतजार के बीच आगे बढ़ा। शाम ढलते ही महिलाओं ने करवा माता की पूजा की, कथा सुनी और चंद्र दर्शन की तैयारी में जुट गईं। लेकिन रात को आसमान में छाए बादलों ने चांद को इस कदर ढंक लिया कि सुहागिनों को उसके दीदार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। कई महिलाएं घरों की छतों और बालकनी में खड़ी होकर टकटकी लगाए आसमान निहारती रहीं। घड़ी की सुइयां आगे बढ़ती रहीं, लेकिन बादलों के बीच चांद की एक झलक पाने की आस बनी रही। निर्जला व्रत के चलते महिलाओं के लिए यह इंतजार भावनात्मक भी था और कठिन भी।



### पूजा की थाली में चंद्रमा का प्रतीक बनाकर की प्रार्थना

देर तक चांद दिखाई नहीं देने पर कुछ महिलाओं ने अपनी पारिवारिक परंपरा और मान्यता के अनुसार पूजा की थाली में चंद्रमा का प्रतीक बनाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। शुभ मुहूर्त बीतने और चांद के दर्शन नहीं होने पर उन्होंने करवा माता और भगवान से प्रार्थना की। इसके बाद अपनी मान्यता के अनुसार चंद्रमा का स्मरण कर और भगवान से अनुमति लेकर व्रत खोला। हर घर में पूजा की विधि अलग-अलग रही, लेकिन सभी की कामना एक ही थी पति की लंबी उम्र, परिवार की खुशहाली और दांपत्य जीवन में प्रेम बना रहे।



### मोबाइल पर चांद के दीदार, फिर खोला व्रत



बादलों के कारण जब अपने शहर में चांद दिखाई नहीं दिया, तो कुछ महिलाओं ने दूसरे शहरों में रहने वाले रिश्तेदारों और सहेलियों को फोन लगाया। वहां आसमान साफ होने और चांद दिखाई देने की जानकारी मिलने पर मोबाइल के जरिए चंद्र दर्शन किए। किसी ने वीडियो कॉल पर चांद देखा, तो किसी ने दूसरे शहर में रहने वाली सहेली या परिजन से चांद की तस्वीर मंगवाई। महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देने, पति की आरती उतारने और उनके हाथों से जल ग्रहण करने के बाद व्रत का पारण किया। रामनगर निवासी कमलजीत कौर रंधावा, सबजीत कौर, दिलराज कौर रंधावा, लवली कौर, इंदरजीत कौर, रीना पंडित मिलकर करवा माता की पूजा अर्चना की।

### बाजारों की रौनक से पूजा तक दिखा उत्साह

करवाचौथ को लेकर बुधवार से ही ट्विनसिटी के बाजारों में रौनक रही। साड़ी-कपड़ों, श्रृंगार सामग्री, चूड़ियों, मेहंदी और पूजा के सामान की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ी। शाम को महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजा स्थलों और घरों में एकत्र हुईं। वैशाली नगर के लोकांगन प्रांगण में भी सामूहिक पूजा का आयोजन किया गया, जहां महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा की और करवाचौथ की कथा सुनी। सेक्टर-1, मैत्रीकुंज सहित अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं ने पूजा-अर्चना की। इस बार करवाचौथ पर सुहागिनों की परीक्षा केवल दिनभर भूखे-प्यासे रहने के साथ ही बादलों के बीच चांद का इंतजार भी उनके धैर्य की परीक्षा लेता रहा। किसी ने छत पर खड़े होकर चांद के निकलने की राह देखी, तो किसी ने मोबाइल के सहारे चंद्र दर्शन किए। वहीं कुछ महिलाओं ने अपनी मान्यताओं के अनुसार पूजा पूरी कर व्रत का पारण किया।



**श्रीमद्भागवत कथा में वृंदावन लीला**

## महारास और कंस वध की व्याख्या कर प्रेम, भक्ति और समर्पण का बताया महत्व

**भिलाई।** रिसाली के प्रगति नगर स्थित मां परमेश्वरी भवन, सड़क नंबर-20 में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिन गुरुवार को प्रख्यात भागवताचार्य संत निरंजन महाराज लिमतरा वाले ने भगवान श्रीकृष्ण की वृंदावन लीला, महारास, कंस वध एवं रुक्मिणी विवाह के प्रसंगों का वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण किया।



### कंस वध से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश

कंस वध प्रसंग का वर्णन करते हुए महाराज जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का अंत कर मथुरा की जनता को उसके भय से मुक्ति दिलाई। यह प्रसंग संदेश देता है कि अत्याचार और अधर्म चाहे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है।

### वृंदावन लीला और महारास का वर्णन

कथावाचक संत निरंजन महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की वृंदावन लीलाओं का वर्णन करते हुए प्रेम, भक्ति और समर्पण का महत्व बताया। महारास प्रसंग के माध्यम से उन्होंने समझाया कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गोपियों का प्रेम निष्काम भक्ति और पूर्ण समर्पण का प्रतीक है। भगवान की लीलाएं भक्तों को सांसारिक मोह से ऊपर उठकर ईश्वर के प्रति प्रेम रखने की प्रेरणा देती हैं।



### रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर

कथा में भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का भी वर्णन किया गया। इस प्रसंग के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रेम, विश्वास, समर्पण और पवित्र संबंधों का महत्व बताया गया। आयोजन कर्ता दामिनी देवी देवांगन, रमेश लाल देवांगन,अदिति देवांगन, राजकिरन देवांगन, कु. सानवी देवांगन,अविराज देवांगन सहित देवांगन परिवार द्वारा कराया जा रहा है। यज्ञ सप्ताह का आयोजन 31 अक्टूबर तक किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक मां परमेश्वरी भवन में कथा हो रही है।

**आदित्य शर्मा बने अध्यक्ष**

## श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति की नई टीम घोषित



**दुर्ग।** श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति ने आगामी दो वर्षों 2027-2028 के लिए नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की है। समिति की परंपरा के अनुरूप शारदीय नवरात्र पर्व के समापन के बाद आयोजित शरद पूर्णिमा उत्सव के दौरान नई टीम का चयन किया गया।

इसमें सर्वसम्मति से आदित्य शर्मा को अध्यक्ष, सुमीत रुंगटा को कार्यकारी अध्यक्ष, सौरभ पंड्या को महासचिव और हर्षद पारख को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति की ओर से शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रुंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज, जुनवानी में किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 में आयोजित शारदीय नवरात्र पर्व और विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही समिति की आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आगामी कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों के नामों पर चर्चा हुई और सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपनी सहमति प्रदान की। नई कार्यकारिणी के गठन के दौरान समिति के संरक्षक संजय रुंगटा ने संरक्षक पद के लिए नवल किशोर अग्रवाल और रवि पिडिआर के नामों का प्रस्ताव रखा। समिति के सदस्यों ने ध्वनिमत से दोनों नामों को स्वीकार कर लिया। समिति के संरक्षक संतोष रुंगटा ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नई टीम के लिए आगामी कार्यकाल में बेहतर समन्वय के साथ समिति की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की कामना की।

शरद पूर्णिमा उत्सव के अवसर पर आयोजित बैठक में नवरात्र पर्व के दौरान हुए आयोजनों की समीक्षा के साथ आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। नई कार्यकारिणी के चयन के बाद समिति के सदस्यों ने आगामी दो वर्षों के लिए संगठनात्मक जिम्मेदारियों को लेकर सहमति जताई। कार्यक्रम का संचालन मनोज शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन समिति के संरक्षक किशोर जैन ने किया। नई टीम के गठन के साथ ही समिति के आगामी कार्यकाल की तैयारियों को लेकर सदस्यों में उत्साह देखा गया।

**खिलाड़ियों के लिए लगा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप**

## बालिका वर्ग में बीएसपी टीम बनी चैंपियन टाई मुकाबले में पाऊवारा ने मारी बाजी

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** सेक्टर-4 स्थित बीएसपी खो-खो क्लब में इंटर क्लब खो-खो चैंपियनशिप के साथ खिलाड़ियों के लिए मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 9 क्लबों की 11 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें बालकों की 6 और बालिकाओं की 5 टीमें शामिल रहीं। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल, फुर्ती और अनुशासन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के उपमहाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो-खो संघ की उपाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, भिलाई श्रमिक सभा एचएमएस के अध्यक्ष एचएस मिश्रा, डॉ. रुचि सक्सेना, लॉयंस क्लब दुर्ग की अध्यक्ष विनती अग्रवाल, दुर्ग जिला खो-खो संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश शर्मा, बीएसपी खो-खो क्लब के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक प्रभारी संजय कुमार तथा क्लब के सचिव देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अतिथि और पदाधिकारी उपस्थित थे।



### खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ खेलने की दी सलाह

प्रतियोगिता का पहला मैच बालिका वर्ग में पाहंदा क्लब और पाउवारा क्लब के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में पाउवारा की टीम विजयी रही। बालक वर्ग के दूसरे मैच में रायपुर क्लब ने सत्या क्लब पुरई को 3 अंकों से हराया। तीसरे मुकाबले में एकलव्य क्लब पाहंदा ने पाउवारा क्लब को 1 अंक से पराजित किया, जबकि चौथे मैच में एडवेंचर क्लब ने सत्या क्लब को 2 अंकों से हराया। सुबह 10.30 बजे जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से आयोजित मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ डॉ. उदय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं हेड ऑफ मेडिकल ने किया। कैंप में खिलाड़ियों के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार ने दोपहर में कैंप का निरीक्षण किया और मेडिकल स्टाफ के कार्यों की सराहना की। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान बीएसपी खो-खो क्लब के अध्यक्ष संजय कुमार ने पवन कुमार का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। सचिव देवेंद्र कुमार सिंह ने क्लब की उपलब्धियों की जानकारी दी। पवन कुमार ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए खिलाड़ियों को मेहनत और अनुशासन के साथ खेलने की सलाह दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं शहीद पंकज विक्रम पुरस्कार-2026 से सम्मानित बीएसपी खो-खो क्लब की खिलाड़ी झमिता साहू को सम्मानित किया गया।

### विजेता और उपविजेता टीम हुए पुरस्कृत

प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल एडवेंचर क्लब और पाउवारा क्लब के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके बाद 30 सेकंड मिनिमम चेज के आधार पर परिणाम निकाला गया, जिसमें पाउवारा क्लब विजयी रही। इस मुकाबले ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित रखा। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला बीएसपी खो-खो क्लब और पाउवारा टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मैच समाप्त होने से दो मिनट पहले बीएसपी की टीम ने 2 अंकों की बढ़त हासिल कर जीत दर्ज की और चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। समापन समारोह में मुख्य अतिथि बीके बेहरा, सीजीएम इंचार्ज एम एंड यू ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की। उन्होंने दोनों टीमों को अपनी ओर से 2,500-2,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि भी दी। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व सहायक महाप्रबंधक शेषनाथ सिंह ने भी दोनों टीमों को 1,000-1,000 रुपए प्रदान किए। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में पाउवारा क्लब विजेता और रायपुर क्लब उपविजेता रही। दोनों टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिन डोंगरे ने किया।

## सिटी स्पोर्टस

### रायपुर संभाग ने जीता ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब



**रायपुर।** राजनांदगांव में संपन्न हुई 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (2026-27) में रायपुर संभाग ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर प्रतिष्ठित ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। दल प्रबंधक लाल बहादुर सोनकर के कुशल नेतृत्व और रणनीतिक मार्गदर्शन में रायपुर के खिलाड़ियों ने योगा, बैडमिंटन, हॉकी और क्रिकेट में शानदार जीत हासिल की।

योगा स्पर्धा में रायपुर संभाग ने अपना दबदबा कायम रखते हुए ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया और 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक तथा बालिका, सभी 6 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जिसमें से 36 में से 33 खिलाड़ियों ने आगामी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयन हासिल किया। बैडमिंटन के 14 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर की टीम ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 14 वर्ष बालक वर्ग में टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही हॉकी स्पर्धा के 17 वर्ष बालक वर्ग में खिलाड़ियों ने कड़ा संघर्ष दिखाते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया, वहीं क्रिकेट स्पर्धा के 19 वर्ष बालिका वर्ग में रायपुर संभाग की टीम ने अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराते हुए अनुशासित और सराहनीय खेल का प्रदर्शन किया।

### पाटन कॉलेज के वेटलिफ्टरों ने जीते 5 पदक, शानदार प्रदर्शन



**दुर्ग।** शासकीय चंदूलाल चंद्राकार स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन के वेटलिफ्टरों ने शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली राजहरा में आयोजित अंतर महाविद्यालयीन महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 5 पदक अपने नाम किए। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दिनेश नामदेव ने बताया कि महिला वर्ग में शिवानी निषाद (69 किग्रा), मौसमी निर्मलकर (49 किग्रा) और तनुजा (53 किग्रा) ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए, जबकि रुचि चक्रधारी (57 किग्रा) ने रजत पदक जीता। वहीं पुरुष वर्ग में षष्ठाधीश ने 60 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा मौसमी निर्मलकर और षष्ठाधीश को दोनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ वेटलिफ्टर के खिताब से भी नवाजा गया। खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राचार्य डॉ. पुष्पा मिंज, जनभागीदारी व नगर पंचायत अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, टीम मैनेजर निधि यादव एवं महाविद्यालय परिवार ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

### जिला स्तरीय बैडमिंटन ट्रायल में शामिल हुए युवा खिलाड़ी



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक-बालिका प्रतियोगिताओं के लिए रायगढ़ के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जिला स्तरीय ट्रायल का सफल आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के मुकाबलों में अंडर-11 बालक एकल में विवान भक्त विजेता और धैर्य अनमोल टांक उपविजेता रहे, जबकि बालिका एकल में दिविशा अग्रवाल विजेता और मन्नत अग्रवाल उपविजेता रहीं। अंडर-13 बालक एकल में अर्श अग्रवाल ने विजेता तथा शिवांश साहू ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया, और बालिका एकल में प्रिशा भालेराव विजेता तथा जिनिशा मैत्री उपविजेता रहीं। अंडर-15 बालक एकल में भूपेंद्र सिदार विजेता व पार्थ यादव उपविजेता रहे, तथा बालिका एकल में अदिति सिंह विजेता व व्योमिनी चौधरी उपविजेता रहीं। इसके अतिरिक्त अंडर-17 बालक एकल में हर्षवर्धन सिंह विजेता व आरव मित्तल उपविजेता रहे, जबकि बालिका एकल में आन्या विजयवर्गीय ने विजेता और अदिति सिंह ने उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। स्पर्धा के समापन अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अकरम खान, सचिव सौरभ पंडा, श्याम गोयल, हितेश वर्मा और सुश्री जयति चौहान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप कल से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 31 अक्टूबर से दो दिवसीय स्टेट रेपिड एवं ब्लिट्ज फीडे रेटेड शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन भिलाई के सेक्टर 6 स्थित अग्रसेन भवन में किया गया है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत सचिव तुलसी सोनी ने यह जानकारी दी।

## आंध्र प्रदेश में चल रही बीसीसीआई की क्रिकेट चैम्पियनशिप

# छत्तीसगढ़ ने आंध्र को 5 विकेट से हराकर रणजी ट्रॉफी मुकाबले में दर्ज की जीत, अनुज और अमनदीप ने खेली शानदार पारी

**रायपुर।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित रणजी ट्रॉफी 2026-27 के तहत छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के बीच डीवीआर स्टेडियम, मुलापाडु (आंध्र प्रदेश) में खेला गया तीसरा मुकाबला रोमांचक मोड़ पर समाप्त हुआ। चौथे और अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आंध्र प्रदेश को 5 विकेट से हरा दिया।

मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आंध्र प्रदेश की टीम ने अपनी पहली पारी में 73.2 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 231 रन बनाए। टीम की ओर से एस.वी. राहुल ने सर्वाधिक 89 रनों की पारी खेली,





जबकि शशिकान्त ने 31 और शेख रशीद ने 24 रन जोड़े। छत्तीसगढ़ की गेंदबाजी में जयंत यादव ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए, वहीं अजय मंडल ने 3 और धर्मेन्द्र सिंह जडेजा ने 2 विकेट अपने नाम किए। इसके जवाब में छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 107.3 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 237 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। मध्यक्रम के बल्लेबाज अमनदीप खरे ने सूझबूझ भरी बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 89 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा अनुज तिवारी ने 34 और अजय मंडल ने 29 रनों का योगदान दिया। आंध्र प्रदेश की ओर से टी. विजय ने 4 और सौरभ कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किए।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए आंध्र प्रदेश ने 32 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर अपनी पारी घोषित कर दी। आंध्र प्रदेश के लिए रिक्की भुई ने नाबाद 72 और करन शिंदे ने नाबाद 53 रनों की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। छत्तीसगढ़ की तरफ से गेंदबाजी करते हुए धर्मेन्द्र सिंह जडेजा ने 2 और जयंत यादव ने 1 विकेट हासिल किया।

मैच के अंतिम दिन आंध्र प्रदेश द्वारा दिए गए 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम ने 35.1 ओवरों में 5 विकेट खोकर 182 रन बनाए और मुकाबले को रोमांचक तरीके से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ के लिए अनुज तिवारी ने बेहतरीन 60 रन बनाए, देव आदित्य सिंह ने नाबाद 34 रन और अमनदीप खरे ने 30 रनों की उपयोगी पारी खेली। आंध्र प्रदेश के गेंदबाज सौरभ कुमार ने दूसरी पारी में भी 3 विकेट झटके, लेकिन वे अपनी टीम को जीत दिलाने में असफल रहे। इस प्रकार छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल दिखाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया।

### जशपुरऔर नारायणपुर ने दर्ज की जीत

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 प्लेट ग्रुप वनडे इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर ब्लू और जशपुर के बीच राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला गया, जिसमें सीनियर खिलाड़ी नारायण आवटी और बुरुणद्दीन ने टॉस की प्रक्रिया पूरी कराई। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिलासपुर ब्लू की टीम 28 ओवर में 88 रन पर सिमट गई, जिसमें शौर्य लहरे ने 17 और अवनीश शुक्ला ने 12 रन बनाए। जशपुर के आरव कुमार रवि ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके, जबकि देवांश गोयल को 2 विकेट मिले। जवाब में जशपुर ने 30.3 ओवर में 5 विकेट खोकर 92 रन बनाते हुए 5 विकेट से मैच जीत लिया और 4 अंक प्राप्त किए। जशपुर की ओर से हर्षवर्धन यादव, विराट यादव ने 27-27 रन और प्रतीक यादव ने 18 रन का योगदान दिया। मैच के निर्णायक विशाल सिंघानिया व शैलेश उपाध्याय, आब्जर्वर राजेश शुक्ला और स्कोरर महेश दत्त मिश्रा रहे, जबकि बिलासपुर ब्लू के कोच सुशांत शुक्ला, एस जावेद व नावेद अली हैं।



### नारायणपुर ने कवर्धा को हराया

एक अन्य मुकाबले में रेलवे मैदान पर कवर्धा और नारायणपुर की टीमें आमने-सामने थीं। कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.4 ओवर में 69 रन बनाए, जिसमें पृथ्वी राज ने 19 और लक्ष्य राज ने 15 रन जोड़े। नारायणपुर के लिए यश कश्यप ने 4 और आयुष यादव ने 3 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नारायणपुर ने 32.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 70 रन बनाते हुए मुकाबला 2 विकेट से जीत लिया। नारायणपुर की ओर से मिथलेश सिंह ठाकुर ने 30 और अभिषेक ने 17 रन बनाए, जबकि कवर्धा के संकेत कुमार पाटिल ने 4 और शिवम चंद्रवंशी ने 2 विकेट लिए। इस प्रकार लगातार दूसरी जीत के साथ नारायणपुर 2 मैचों में 8 अंक अर्जित कर चुका है।



# कॉलेज वॉलीबॉल में कल्याण विजेता

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत भिलाई महिला महाविद्यालय, हॉस्पिटल सेक्टर में दुर्ग सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने किया। पहले सेमीफाइनल में कल्याण पी.जी. कॉलेज भिलाई ने सेठ आर.सी.एस. कॉलेज दुर्ग को 25-17, 25-17 से हराया, और दूसरे सेमीफाइनल में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग ने स्वामी विवेकानंद (स्वरूपानंद) हुडको को 25-21, 26-24 से पराजित किया।

फाइनल मुकाबले में कल्याण पी.जी. कॉलेज भिलाई ने गर्ल्स कॉलेज दुर्ग को 25-16, 25-21 से हराकर खिताब अपने नाम किया, तथा कल्याण कॉलेज की अलिशा 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहीं। विजेता व उपविजेता टीमों को प्राचार्या द्वारा ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। क्रीड़ा अधिकारी प्रतीक्षा ताठे के नेतृत्व में हुए इस आयोजन के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित 12 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शिविर 25 से 27 अक्टूबर तक आयोजित किया गया, हालांकि कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 28-29 अक्टूबर को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भारी बारिश व चक्रवात के चलते आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

इस चयन सूची में दिव्या मेहर, प्राची शुक्ला (सेठ आर.सी.एस. महा., दुर्ग), संजना महतो, मिताली ठाकुर (स्वामी स्वरूपानंद महा., हुडको), रेणुका (शास. वा.वा. पाटनकर कन्या महा., दुर्ग), अलिशा, जयंती, निकिता साहू (कल्याण महा., सेक्टर-7, भिलाई), कृतिका (श्री शंकराचार्य महा., जुनवानी), कामिनी (शास. नवीन महा., बेरला), प्रियंका राघवन और शीला (भिलाई महिला महा., भिलाई) शामिल हैं।

# कार्तिक मास में स्नान, दान और तुलसी पूजन का है विशेष महत्व



हिंदू धर्म में कार्तिक मास का विशेष स्थान है और इसे संपूर्ण वर्ष का सबसे पवित्र तथा फलदायी महीना माना जाता है। इस साल 27 अक्टूबर से शुरू हुआ यह मास मुख्य रूप से जगत के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु और धन-वैभव की देवी माता लक्ष्मी को समर्पित है। कार्तिक का पूरा महीना भक्ति, संयम, पवित्र स्नान और दान-पुण्य के लिए उत्तम माना गया है। कार्तिक मास चातुर्मास का अंतिम महीना भी होता है, और ऐसी मान्यता है कि इस मास में किए गए शुभ कर्मों का फल कभी समाप्त नहीं होता तथा व्यक्ति को जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति मिलकर मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### ब्रह्म मुहूर्त स्नान का महत्व

कार्तिक मास में किसी पवित्र नदी, सरोवर या तीर्थ स्थल में स्नान करने का विशेष विधान है। यदि पवित्र नदी में स्नान संभव न हो, तो घर पर ही नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर सूर्योदय से पूर्व ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्योदय से पूर्व स्नान करने से पूर्वजन्म के सभी पापों का नाश होता है तथा शरीर व मन की शुद्धि होती है। नियमित स्नान से शारीरिक रोगों से मुक्ति मिलने के साथ-साथ मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।

### तुलसी पूजन के नियम और विधि

तुलसी जी में साक्षात देवी लक्ष्मी का वास माना गया है और वे भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय हैं, इसलिए कार्तिक के महीने में तुलसी पूजन का फल कई गुना बढ़ जाता है।



# फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल वॉलीबॉल और कैरम का रोमांच

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'आरोहण 3.0 – इंटर-स्कूल एवं इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स फेस्टिवल' का शुभारंभ 28 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों एस.वी. सुनील एवं शमशेर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस खेल महोत्सव में फुटबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, शतरंज एवं कैरम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी खेल प्रतिभा दिखाई।

उद्घाटन समारोह के दौरान अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों एस.वी. सुनील एवं शमशेर सिंह ने उन्होंने खेलों में अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क, समर्पण और निरंतर अभ्यास के महत्व पर रोशनी डालते हुए अपनी क्षमताओं को निरंतर निखारने तथा खेल जगत में नई ऊँचाइयाँ हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

### फुटबॉल में पीएम तिवारी स्कूल विजेता ट्रॉफी

- अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ियों की मौजूदगी में 'आरोहण 3.0' का शुभारंभ

विद्यालय स्तरीय फुटबॉल में सेमीफाइनल मुकाबलों में पीएम श्री आर.डी. तिवारी स्कूल ने आत्मानंद स्कूल, अमलेश्वर को 2–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में भारत माता स्कूल, टाटीबंध ने आत्मानंद स्कूल, आमापारा को 3–1 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह बनाई। फाइनल में पीएम श्री आर.डी. तिवारी स्कूल ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए भारत माता स्कूल, टाटीबंध को 2–0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की ओर से नरेश साहू ने 15वें तथा तेजस साहू ने 22वें मिनट में गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित की।

### कबड्डी के मुकाबलों ने बढ़ाया रोमांच

विद्यालय स्तरीय बालिका कबड्डीः लालपुर स्कूल की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले सेमीफाइनल में लालपुर की एक टीम ने शिवांश स्कूल को 24–8 से पराजित किया, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में लालपुर की दूसरी टीम ने आत्मानंद स्कूल को 21–6 से हराया। फाइनल मुकाबले में लालपुर बी टीम ने लालपुर ए टीम को 23–14 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया।

### महाविद्यालय स्तरीय महिला कबड्डी

पहले सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय ने गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज की महिला टीम को 27–17 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में गुरुकुल कन्या महाविद्यालय ने कलिंगा विश्वविद्यालय की महिला टीम को 39–7 से पराजित कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई।

### विद्यालय स्तरीय बालक कबड्डी

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1 ने सेंट जोसेफ स्कूल को 15–5 से हराया। दूसरे मुकाबले में लालपुर स्कूल ने जैन स्कूल, कुम्हारी को कड़े संघर्ष में 21–20 से पराजित किया। सेमीफाइनल में केंद्रीय विद्यालय ने मानसरोवर विद्यालय, चरौदा को 21–11 से हराया, जबकि आत्मानंद स्कूल ने लालपुर स्कूल को 21–9 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

### महाविद्यालय स्तरीय बालक कबड्डी

विप्र कॉलेज ने कोलंबिया कॉलेज को 22–10 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। वहीं, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय की टीम ने छत्रपति शिवाजी इंजीनियरिंग कॉलेज, दुर्ग को 16–9 से पराजित कर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया।



## कार्नर न्यूज

## डीपीएस भिलाई में तीन दिवसीय खेल महाकुंभ का सफल समापन

# इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में छह राज्यों के बीच रांची की टीम चैंपियन, रूद्र रहे सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर

**भिलाई।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, भिलाई में 27 से जारी इंटर-डीपीएस फुटबॉल टूर्नामेंट जोन-4 (बालक ओपन) में डीपीएस रांची बनी चैंपियन। रांची के ही रुद्र साही को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' का खिताब दिया गया।

इस प्रतिष्ठित तीन दिवसीय टूर्नामेंट में डीपीएस सोसाइटी के जोन-4 के अंतर्गत आने वाले छह राज्यों—छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, नागालैंड और उड़ीसा—के डीपीएस परिवारों की कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 256 प्रतिभागियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### सेमीफाइनल मुकाबलों में टीमों का शानदार प्रदर्शन

टूर्नामेंट के अंतिम दिन खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। डीपीएस रिसाली के खेल मैदान पर हुए पहले सेमीफाइनल में डीपीएस गुवाहाटी ने डीपीएस सिलीगुड़ी को 2-0 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, डीपीएस मरोदा के मैदान पर खेले गए दूसरे रोमांचक मुकाबले में डीपीएस रांची ने डीपीएस भिलाई को




3-0 से शिकस्त देकर फाइनल की अपनी दावेदारी सुनिश्चित की। इसके अतिरिक्त, टर्फ ग्राउंड मरोदा में खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले (हार्डलाइन मैच) में मेजबान डीपीएस भिलाई ने डीपीएस सिलीगुड़ी को 2-0 से हराकर टूर्नामेंट का थर्ड रनर्स-अप/तृतीय स्थान अपने नाम किया।

### रोमांचक फाइनल में डीपीएस रांची बनी चैंपियन

दोपहर में डीपीएस रिसाली के मैदान पर रिमझिम फुहारों के बीच डीपीएस रांची और डीपीएस गुवाहाटी के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया। इस बेहद रोमांचक फाइनल मैच में डीपीएस रांची के खिलाड़ियों ने शानदार समन्वय दिखाते हुए मैच पर पूरी तरह नियंत्रण रखा। खिलाड़ी यशराज और गणेश ने 1-1 गोल दागे, जबकि रुद्र साही ने 2 गोल करते हुए कुल 4-0 के स्कोर से टीम को शानदार विजय दिलाई और चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

### राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चार टीमों का चयन

इस जोन-4 टूर्नामेंट के आधार पर आगामी 6 से 8 दिसंबर के बीच नवी मुंबई में आयोजित होने वाले डीपीएस नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चार सर्वश्रेष्ठ टीमों ने क्वालीफाई किया है। इनमें विजेता डीपीएस रांची, उपविजेता डीपीएस गुवाहाटी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली डीपीएस भिलाई और डीपीएस सिलीगुड़ी की टीमें शामिल हैं, जो राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

### खेल भावना और जीवन मूल्य अपनाने की प्रेरणा

टूर्नामेंट का समापन समारोह गुरुवार को अपराह्न मुख्य अतिथि योगेश शास्त्री (प्रो-वाइस चेयरमैन, विद्यालय प्रबंधन समिति, डीपीएस भिलाई एवं मुख्य महाप्रबंधक, भिलाई इस्पात संयंत्र) के आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अमूल्य प्रियदर्शी (सदस्य, वीएमसी एवं महाप्रबंधक प्रभारी, जनसंपर्क), नंदिता राजश्री और आर.डी. साव (पूर्व फीफा रेफरी) उपस्थित रहे। प्रभारी प्राचार्य अमजद हसन जुनजानी ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों का स्वागत किया, जबकि मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना और जीवन मूल्य अपनाने की प्रेरणा दी।

### विजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मान

समारोह के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से नवाजा गया। डीपीएस रांची के रुद्र साही को 'सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी', डीपीएस भिलाई के राजवर्धन को 'सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर' और डीपीएस रांची के शुभम को 'सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' का खिताब दिया गया। अतिथियों द्वारा विजेता डीपीएस रांची को चैंपियनशिप ट्रॉफी, फर्स्ट रनर्स-अप डीपीएस गुवाहाटी तथा सेकंड रनर्स-अप डीपीएस भिलाई की टीम को ट्रॉफियां प्रदान की गईं।

## खबर संक्षेप



### से. 9 अस्पताल के कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि

**भिलाई।** सेक्टर-9 हास्पिटल में कर्म शिरोमणि पुरस्कार कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय कुमार थे। उन्होंने चिकित्सा विभाग में कार्यरत छह कर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उप नर्सिंग अधीक्षक अनुपमा परिहार, स्टाफ नर्स बिनु सैमुएल, हॉस्पिटल अटेंडेंट पदमा लक्ष्मी, मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट अजय कुमार आर्य, संजय कुमार फुलझेले तथा एमटी सुरेश कुमार साहू को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीली कुजूर, नीना गुहा व सोनाली त्रिवेदी, उप प्रबंधक शैला अब्राहम तथा सहायक प्रबंधक शीबा थॉमस आदि उपस्थित थे।

### मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति कार्य का अवलोकन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाच आयोग द्वारा धमतरी जिले के अपर कलेक्टर इंदिरा देवहारी को दुर्ग जिले के नगरीय निकाय आम एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन-2026 के निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षण कार्य हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक नियुक्त होने के उपरांत विगत 27 अक्टूबर को प्रेक्षक इंदिरा देवहारी का दुर्ग आगमन हुआ। वे यहां पर दुर्ग के अंतर्गत नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों में चल रहे निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिल्ली थॉमस, अपर कलेक्टर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### निर्णय नहीं तो आंदोलन, 12 नवंबर को एनजेसीएस कोर ग्रुप की बैठक घोषित

# बीएसपी के हजारों कर्मियों के एरियर्स का भुगतान नहीं होने से बढ़ा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

**इंटक ने एरियर्स सहित 650 वर्गफुट तक के आवासों को लाइसेंस पर देने दिया जोर**



एनजेसीएस कोर ग्रुप की बैठक की तारीख घोषित होते ही सेल कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर यूनियनों ने निदान के लिए दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक ने बकायदा बैठक आयोजित कर प्रबंधन से बकाया एरियर्स पर निर्णय लेने की मांग की है वहीं एटक ने भी अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण करने और इसके लिए यूनियनों से एकजुटता बनाने पर जोर दिया है। यूनियन ने एरियर्स सहित लंबित मांगों पर निर्णय नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों का करोड़ों के एरियर्स का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। बारह नवंबर को दिल्ली में एनजेसीएस कमेटी की बैठक का ऐलान होते की कर्मियों की फिर से उम्मीदें बढ़ गई हैं। इंटक की कार्यकारिणी की यूनियन कार्यालय सेक्टर 4 में हुई बैठक में कर्मचारियों के 39 महीने के वेतन एरियर्स के भुगतान सहित टाउनशिप के 650 वर्गफुट तक के आवासों को नई नीति बनाकर लाइसेंस पर देने तथा बीएसपी में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम शुरू करने आदि अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि सेल कर्मचारियों के 1 जनवरी 2017 से लागू वेतन समझौते के तहत 39 महीने के एरियर्स का मुद्दा 8 साल से लंबित है। यह एरियर्स कर्मचारियों के मूल वेतन में अंतर से संबंधित है। यदि वेतन समझौता 1 जनवरी 2017 को ही लागू हो जाता, तो कर्मचारियों को उसी तारीख से संशोधित वेतनमान का लाभ मिलता। साथ ही संबंधित सीपीएफ राशि जमा होती और उस पर ब्याज का लाभ भी प्राप्त होता। वेतन समझौते के दौरान 39 महीने के एरियर्स के संबंध में लिखित सहमति बनी थी कि इस विषय का निर्णय सब-कमेटी में किया जाएगा। लेकिन अब तक तय नहीं होने से कर्मियों में असंतोष बढ़ रहा है। इंटक ने सेल प्रबंधन से मांग की कि 12 नवंबर को होने वाली एनजेसीएस कोर ग्रुप की बैठक में इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेकर एरियर भुगतान का रास्ता साफ किया जाए। वर्ष 2017 से 2026 के बीच सेल की वित्तीय स्थिति में सुधार तथा कर्ज भी कम हुआ है।

### बड़े आवासों को लाइसेंस पर देने बनाए अनुकूल नीति

इंटक ने बीएसपी टाउनशिप में स्थित 650 वर्गफुट तक के आवासों को नई नीति बनाकर लाइसेंस पर देने की मांग की है। इससे कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा मिलेगी और टाउनशिप को उजड़ने से बचाने में मदद मिलेगी। कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा कहा कि रिटेंशन एवं लाइसेंस संबंधी सुविधाएं बंद होने से बीएसपी के आवासों में अवैध कब्जे बढ़ने और अच्छे आवासों के भी खंडहर होने की समस्या सामने आ रही है। 60 वर्ष पुराने आवासों का उचित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रबंधन को व्यावहारिक नीति बनानी चाहिए। इससे आवासों का रखरखाव बेहतर होगा, कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी और संयंत्र को भी राजस्व प्राप्त हो सकेगा।

### नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम भी जल्द शुरू करें

इंटक ने नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम भी जल्द शुरू करने की मांग की है। इससे कर्मियों को मनोबल बढ़ेगा। महासचिव संजय साहू ने बताया कि एरियर्स भुगतान, आवासों की लाइसेंस नीति और नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम जैसे मुद्दों पर जल्द निर्णय नहीं लेने पर यूनियन कर्मचारियों के हित में व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी।बैठक में अतिरिक्त महासचिव शिवशंकर, जीआर सुमन, गिरिराज देशमुख, विश्वनाथ सिंह साहू, सुरेश, श्याम कुमार, शिव शंकर सिंह, रेशम राठौर, रमन मूर्ति, सी.पी. वर्मा, गुरुदेव साहू, दीनानाथ सिंहसार्वा, विजय विश्वकर्मा, राजकुमार आदि कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

### एटक ने भी एकजुटता पर दिया बल

एटक यूनियन ने भी दिल्ली में होने वाली एनजेसीएस कोर ग्रुप की बैठक में सेल कर्मियों के एरियर्स सहित अन्य लंबित मांगों पर सभी यूनियनो से एकजुटता बनाने की अपील की है। इस मामले में बीएसपी कर्मियों की भावनाओं से केंद्रीय पदाधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। यूनियन के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने कहा कि सात साल से लंबित अपूर्ण वेतन समझौता को पूर्ण कर कर्मियों की मेहनत का करोड़ों के एरियर्स का जल्द भुगतान जरुरी है।

# मोर मकान मोर आस योजना के 743 आवासों के आवंटन की प्रक्रिया शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत संचालित मोर मकान–मोर आस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वयं का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। योजना के अंतर्गत गोकुल नगर पुलगांव, माँ कर्मा हाईट्स बोरसी एवं सरस्वती नगर में उपलब्ध कुल 743 आवासों के आवंटन के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

■ 743 आवासों के आवंटन के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित

इस योजना का उद्देश्य किराये के मकानों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपने घर का सपना साकार करने का अवसर प्रदान करना है। नगर निगम क्षेत्र की तीन आवासीय परियोजनाओं में कुल 743 आवास उपलब्ध हैं। इनमें 178 भूतल के आवास तथा अन्य मंजिलों के 565 आवास शामिल हैं। आवास आवंटन की प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित पात्रता एवं नियमों के अनुसार की जाएगी। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को नियमानुसार प्राथमिकता दी जाएगी। भूतल के आवासों का आवंटन प्राथमिकता के आधार पर तथा शेष आवासों का आवंटन लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा। गोकुल नगर, पुलगांव भूतल के आवास 103, अन्य मंजिलों के आवास 196, कुल 299, माँ कर्मा हाईट्स बोरसी के भूतल के आवास 12, अन्य मंजिलों के आवास 30, कुल 42, सरस्वती नगर भूतल के आवास 63, अन्य मंजिलों के आवास 339, कुल 402। इस प्रकार तीनों परियोजनाओं में कुल 743 आवास उपलब्ध हैं, जिनमें 178 भूतल के तथा 565 अन्य मंजिलों के आवास शामिल हैं। योजना का लाभ लेने के इच्छुक पात्र हितग्राही निर्धारित आवेदन शुल्क जमा कर नगर निगम के डेटा सेंटर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन करते समय हितग्राहियों को योजना की पात्रता शर्तों एवं आवश्यक दस्तावेजों का विशेष ध्यान रखना होगा। नगर निगम प्रशासन ने पात्र हितग्राहियों से कहा है कि वे योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें, ताकि पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत अपने स्वयं के आवास का लाभ मिल सके।

# अर्नब चक्रवात से प्रभावित किसानों को तत्काल मुआवजा देने और कर्ज माफ करने सीएम को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

विधायक देवेंद्र यादव ने प्रदेश में आए अर्नब चक्रवात के कारण हुई भारी बारिश से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र प्रेषित किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने किसानों को हुई आर्थिक क्षति की भरपाई के लिए मुआवजा राशि की घोषणा करने तथा किसानों के कर्ज को माफ करने की मांग की है। विधायक देवेंद्र यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि प्रदेश में अर्नब चक्रवात के कारण अचानक अत्यधिक वर्षा हो रही है। खेतों में किसानों की फसल पूरी तरह से कटाई के लिए तैयार खड़ी थी, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और खेतों में पानी भर जाने से फसलें पूरी तरह प्रभावित हो गई हैं। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य के अधिकांश किसान जीवन-यापन के लिए पूरी तरह कृषि पर निर्भर हैं। अचानक फसल खराब हो जाने के कारण किसानों के सामने आगामी कृषि कार्य, परिवार के भरण-पोषण और गंभीर आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने मुख्य रूप से मांग की है कि फसलों का संबंधित अधिकारियों को तत्काल निर्देश देकर प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाए और नुकसान का जायजा लिया जाए। रोड बचाओ देश बचाओ कार्यक्रम के लिए मूंगे की प्रवास के दौरान विधायक देवेंद्र यादव खेत में रुके और किसानो संग चर्चा की जिसमें किसानों ने भारी नुकसान की बात बताई।



■ विधायक देवेंद्र यादव ने सीएम विष्णुदेव साय से की मांग

# बीएफ के श्रमिकों ने 334 ड्रिल राड को दोबारा उपयोग योग्य बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस-8 में कार्यरत ठेका श्रमिकों की टीम को ड्रिल रॉड के पुनरुद्धार के माध्यम से संसाधनों के बेहतर उपयोग एवं लागत नियंत्रण में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक विवेक वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। टीम ने मात्र तीन माह में 334 ड्रिल रॉड को पुनः उपयोग योग्य बनाकर लागत बचत सुनिश्चित की। महाप्रबंधक नवीन तिवारी, मनीष तिवारी, उप महाप्रबंधक सत्यव्रत सुतार, सहायक महाप्रबंधक पुरुषोत्तम मीना सहित कर्मचारी उपस्थित उपस्थित थे।

श्री वर्मा ने श्रमिकों की कार्यकुशलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग एवं अपव्यय में कमी लाने जैसे प्रयास संयंत्र की परिचालन दक्षता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि ब्लास्ट फर्नेस में हॉट मेटल उत्पादन के दौरान प्रत्येक टैपिंग में टैप होल खोलने के लिए ड्रिल रॉड का उपयोग किया जाता है। इस प्रक्रिया में ड्रिल रॉड की खपत को कम करने के उद्देश्य से ब्लास्ट फर्नेस-8 के ठेका श्रमिकों की टीम ने तीन माह में 334 ड्रिल रॉड को पुनः उपयोग योग्य बनाया। इससे ड्रिल रॉड की खपत में उल्लेखनीय कमी आई और संयंत्र को 20 लाख रुपये की आर्थिक बचत हुई।



■ टीम वर्क के लिए किया सम्मान




# नुक्कड़ नाटक से सत्यनिष्ठा का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा खदान विभाग के सहयोग से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत रावघाट खदान क्षेत्र के अंतागढ़ स्थित डीएवी रावघाट इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रामसभा हुई। बीएसपी के कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार तथा सीजीएम सुनील सिंघल विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य गोपीनाथ साहू ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने राज्य गीत व भाषण की प्रस्तुति दी। बाद चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध, नारा लेखन एवं भाषण प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों तथा सत्यनिष्ठा के महत्व को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर पीआरटी अविनाश काटकर ने किया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक रेनू गुप्ता, डीजीएम मो. नौशाद आलम, योगेश वर्मा व अमित मिश्रा आदि उपस्थित थे।




# बीएसपी एससीएसटी एसो. सीजीएम से मिला

**भिलाई।** बीएसपी एससीएसटी एम्पलाईज एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की बैठक बीएसपी टाउनशिप के सीजीएम एबी श्रीनिवास के साथ हुई। डां. अम्बेडकर प्रतिमा के आसपास सौंदर्गीकरण आदि बचे कार्य पूर्ण कराने की मांग की। अध्यक्ष कोमल प्रसाद ने बताया कि अम्बेडकर की प्रतिमा का 26 नवंबर को संविधान दिवस पर आंबेडकर प्रतिमा का अनावरण समारोह है। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज होंगे। बैठक में प्रतिमा के चारों ओर प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण पौधारोपण, टाइल्स ग्रेनाइट वगैरह लगाना व प्रवेश द्वार और निकास द्वार आदि बचे हुए कार्य जल्द करवाने की मांग की गई। टाउनशिप विभाग के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी ने सभी कार्य पूर्ण कर लिये जाने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद सहित उत्तम मंडावी, विजय कुमार रात्रे, कुमार भारद्वाज, वेद प्रकाश सूर्यवशी, परमेश्वर लाल कुर्रे, कालीदास बघेल, अनिल कुमार खेलवार आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सौंदर्यीकरण की मांग, मिला आश्वासन






### जिला कार्यालय में हुई बैठक में शामिल हुए वैशालीनगर विधायक

# केंद्रीय मंत्री की सभा में शामिल होगा पार्टी का हर कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की बैठक जिला कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में वैशालीनगर के विधायक रिकेश सेन प्रमुख रूप से शामिल हुए। लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत 30 अक्टूबर को आयोजित आमसभा एवं पदयात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस दौरान बूथ स्तर पर व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाने पर जोर दिया गया। आमसभा एवं पदयात्रा में केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं के साथ आमजन भी सहभागिता करेंगे। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा विभिन्न मोर्चों और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। वैशाली नगर विधायक श्री रिकेश सेन ने कहा कि सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ आमसभा एवं पदयात्रा की तैयारियों में जुटें। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाकर कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।




### लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए जनजागरुकता जरूरी

जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने कहा कि लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और जनजागरूकता बढ़ाने में आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष पुरुषोतम देवांगन ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता और आपसी समन्वय से सुनिश्चित होती है। उन्होंने सभी मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों तथा मोर्चा-प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से प्रत्येक बूथ से कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया। नेता प्रतिपक्ष श्री भोजराज सिन्हा ने कहा कि लोकतंत्र में जागरूक नागरिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आमसभा एवं पदयात्रा के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक व्यवस्था से जुड़े विषयों पर जनसंवाद को व्यापक बनाने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया।

### बूथ स्तर का कार्यकर्ता भी शामिल होगा पदयात्रा में

भाजपा जिला भिलाई ने सभी बूथ कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से 30 अक्टूबर को आयोजित आमसभा एवं पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष त्रिलोचन सिंह, चिन्ना केशवालु,गोपाल कृष्ण वर्मा, जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल एवं सुषमा जेठानी, जिला मंत्री विनोद सिंह, रश्मि सिंह, भारती साहू, पारस जंघेल,मनोज तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह,कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह,कार्यालय मंत्री सचिन ताम्रकार, जिला प्रवक्ता प्रेम लाल साहू मीडिया सह प्रभारी सूरज जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञानदास मानिकपुरी, आईटी सेल बॉबी चौहान, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, हीरामन रोहित साहू, गोल्डी सोनी, शशि भगत, तरुण सिंह, रामजी निर्मलकर, कुमन साहू, घनश्याम साहू सहित मंडल महामंत्री, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।